उज्जैन
शनिवार
23
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-199
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



ऐश्वर्या को आलिया ने नहीं किया रिप्लेस कांस फिल्म फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी के लिए बेटी आराध्या के साथ रवाना हुईं, एयरपोर्ट पर फैन ने रोका

पेज- 8

## ट्रम्प सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी। ऑफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है।



## अब हर लापता व्यक्ति और बच्चे के मामले में दर्ज होगी अपहरण की एफआईआर

**नई दिल्ली।** देशभर में बढ़ते मानव तस्करी और लापता बच्चों के मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और सख्त आदेश जारी किया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब देश के हर पुलिस थाने में किसी भी लापता बच्चे या व्यक्ति के मामले में अनिवार्य रूप से अपहरण की एफआईआर दर्ज की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस किसी भी हाल में प्रारंभिक जांच के नाम पर मामला दर्ज करने में देरी नहीं कर सकती और न ही परिवार वालों को खुद तलाश करने के लिए छोड़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम निर्देश उस समय दिया जब अदालत के सामने देशभर में वर्षों से लापता करीब 47 हजार बच्चों का चौंकाने वाला आंकड़ा रखा गया।

## अमेरिकी विदेश मंत्री 4 दिन के भारत दौरे पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो आज चार दिन के भारत दौरे पर पहुंच गए हैं। वे सुबह कोलकाता पहुंचे। यह उनका पहला भारत दौरा है। उनके इस दौरे को भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। कोलकाता में अपने कार्यक्रम के दौरान मार्को रुबियो मिशनरीज ऑफ चैरिटी की संस्थापक मदर टेरेसा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा उनके विक्टोरिया मेमोरियल का दौरा करने की भी संभावना है। इसके बाद मार्को रुबियो नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां वह पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे।



## चारधाम यात्रा का एक महीना पूरा, 19 लाख श्रद्धालु पहुंचे

**देहरादून।** चारों धामों के कपाट खुलने को आज यानी शनिवार को एक महीना पूरा हो चुका है। अब तक 19 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, यात्रा के लिए अब तक 40 लाख से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 2025 के शुरूआती एक महीने में 28 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसकी तुलना में इस बार रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या में लगभग 43% का उछाल आया है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल चारधाम यात्रा के पहले महीने में लगभग 17.17 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आए थे। इसकी तुलना में इस बार अब तक लगभग 10.62% अधिक श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं।

# एमपी-यूपी, राजस्थान समेत 11 राज्यों में तापमान 40-47 डिग्री

### यूपी का बांदा 47.6 डिग्री, बिहार में बिजली गिरने से 4 की मौत, कश्मीर-उत्तराखंड में बर्फबारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश को अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। सबसे ज्यादा 47.6 डिग्री यूपी के बांदा और 46.8 डिग्री एमपी के नौगांव में रहा। मौसम विभाग ने इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टर्वेंस एक्टिव है, लेकिन अभी कमजोर है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पाकिस्तान के ऊपर और एक बिहार के आसपास बना हुआ है। एक लो प्रेशर एरिया अरब सागर में बना हुआ है। साथ ही एंटी साइक्लोन एरिया भी बना हुआ है। इसके चलते आज कई राज्यों में मौसम बदल सकता है।




दिल्ली, पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के साथ लक्षद्वीप में बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र और गोवा में बारिश हो सकती है। बिहार के अररिया, जहानाबाद, नालंदा और सुपौल में शुक्रवार को बारिश हुई थी। बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हुई। जम्मू-कश्मीर के जोजिला और उत्तराखंड के चमोली-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हुई।

### दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में सभी भारत के

देश में शुक्रवार सुबह असामान्य रिकॉर्ड दर्ज किया गया। दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। अदकके मुताबिक सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45त्उ के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा। दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री से ज्यादा था। ये सभी शहर भारत के थे।

## रेमो डिसूजा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन महाकाल की शरण में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और फिल्म निमार्ता रेमो डिसूजा, फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे एवं अभिनेता विक्की जैन दर्शन करने पहुंचे। सभी ने भस्म ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। रेमो डिसूजा सपत्नीक, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे तड़के करीब 3 बजे बजे भस्म आरती में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे। सभी ने नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी। अंकिता, रेमो और विक्की करीब दो घंटे तक आरती देखने के पश्चात उन्होंने नंदी जी का पूजन अभिषेक कर नंदी के कान में मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

## पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपए किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएन अब 81.09 रुपए किलो मिलेगी। पिछले 10 दिनों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपए और फिर 18 मई को 1 रुपए बढ़ाए थे। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया गया था।




## ट्रम्प की बेटी को जान से मारने की धमकी

### ईरानी सेना से जुड़े आतंकी ने प्लानिंग की, एफबीआई ने इराकी युवक को पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर हत्या की धमकी दी गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स समर्थक आतंकी ने इवांका को निशाना बनाने की प्लानिंग की थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने 32 साल के इराकी नागरिक मोहम्मद बाकेर साद दाऊद अल-सादी को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने इवांका की हत्या करने की कसम खाई थी। आरोपी के पास इवांका और उनके पति जैरेड कुशनर के फ्लोरिडा स्थित घर का ब्लूप्रिंट यानी नक्शा भी मिला था। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फ्लोरिडा इलाके का एक नक्शा पोस्ट किया था, जहां इवांका और जैरेड का करीब 24 मिलियन डॉलर का घर है। उसने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा था कि अमेरिका वाले यह समझ लें कि सिर्फ बड़ी सुरक्षा और सीक्रेट सर्विस से वे सुरक्षित नहीं रहेंगे। हम उन पर नजर रख रहे हैं और सही समय आने पर बदला लिया जाएगा।



## लेह के पास सेना का चीता हेलिकॉप्टर क्रैश




ब्रह्मास्त्र ▸▸ लेह

लेह के पास तांगत्से इलाके में 20 मई को भारतीय सेना का एक चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस हादसे में मेजर जनरल समेत तीन अधिकारी बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी 23 मई को सामने आई। इस सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर को एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर उड़ा रहे थे, जबकि इसमें यात्री के तौर पर 3 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

### भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों को

## जैकेटों में इन-बिल्ट फैन सिस्टम लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

रांची पुलिस ने भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक जवानों को राहत देने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक कूलिंग जैकेट का ट्रायल शुरू किया है। पुलिस की इस नई पहल को जवानों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर कार्य प्रदर्शन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

इन विशेष जैकेटों में इन-बिल्ट फैन सिस्टम लगाया गया है, जो लगातार हवा का प्रवाह बनाए रखता है और शरीर के तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इससे ट्रैफिक पुलिसकर्मी तेज गर्मी के बीच भी लंबे समय तक आरामदायक तरीके से अपनी ड्यूटी कर सकेंगे। जैकेट पावर बैंक से संचालित होती है और एक बार चार्ज होने पर करीब आठ घंटे तक लगातार काम करती है। इसके अलावा जैकेट का कपड़ा एस पी एफ 50 सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे तेज धूप और हानिकारक किरणों से बचाव होता है।

रात के समय ड्यूटी के दौरान जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जैकेट में रिफ्लेक्टिव रेडियम स्ट्रिप्स भी लगाई गई हैं, ताकि दूर से ही उनकी पहचान आसानी से हो सके। फिलहाल रांची पुलिस ने पांच कूलिंग जैकेटों का ट्रायल शुरू किया है। ट्रायल सफल रहने और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद भविष्य में और जैकेट खरीदने की योजना बनाई गई है। झारखंड के दूसरे शहरों में भी इसे यूज किया जा सकेगा। रांची पुलिस की यह पहल आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुलिस व्यवस्था को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।



## खबर एक नजर...

### युवक से मारपीट का 11 दिन बाद वायरल हुआ वीडियो

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के पिपलियाहामा मार्ग भैरू महाराज मंदिर के पास ग्राम ढाबाला धुता में 11 मई को संदीप पिता दिनेश कुमावत के साथ रास्ता रोककर शराब पीने के लिये 5 हजार रुपए नहीं देने पर कुछ युवकों द्वारा बुरी तरह मारपीट की गई थी। पुलिस ने मामले में अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर घायल संदीप का मेडिकल परीक्षण कराया था। उस दौरान संदीप ने बताया था कि कुछ समय पहले लखन और अर्जुन के बीच विवाद हुआ था। उसने बीच-बचाव किया था। जिसके चलते लखन, रूपेश, बंटी, कुलदीप, धर्मेन्द्र और अन्य ने हमला किया है। 11 दिन बाद उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें संदीप को 8 से 10 लोग बुरी तरह पीटते दिखाई दे रहे है। मामले में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि पूर्व में ही चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकले 1.36 लाख

**उज्जैन।** सायबर फ्रॉड में शामिल बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी, पासवर्ड मांगे मोबाइल हैक कर खातों से रुपए निकाले जा रहे है। ऐसा ही मामला नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज कर जांच में लिया है। अलखधाम स्थित द्वारकामाई अपार्टमेंट में रहने वाला जयवर्धन पिता स्व. राधाकृष्ण तिवारी 39 साल प्रायवेट जॉब करता है। 13 मई को अचानक मोबाइल हैक गया था। जो कुछ देर बाद वापस चलने लगा। लेकिन 16 मई को पता चला कि उसके खाते से 1.36 लाख का ट्रांजेक्शन हो चुका है। बैंक से जानकारी लेने के बाद जयवर्धन ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि बिना ओटीपी और पासवर्ड के उसके खाते से रुपए निकले है। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि मोबाइल में हाइड एप्प डाउनलोड हुआ था। जो मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई नहीं देता है। उसके माध्यम से सायबर फ्रॉड करने वालों ने मोबाइल हैक कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया है। मामले में एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जिस खाते में रुपयों का ट्रांजेक्शन हुआ है, उसका पता लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगे।

### घर में सीढ़ियों से गिरे युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** घर में सीढ़ियों से गिरे युवक को सिर में गंभीर चोंट लगी। उसे परिजन उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक युवक की पत्नी गर्भवती है, 2-3 दिनों में ही घर में खुशियां आने वाली थी। लेकिन माहौल गमगीन हो गया। इंगोरिया के ग्राम दंगवाड़ा से जावेद पिता रूस्तम शाह 25 साल को गंभीर हालत में शुक्रवार शाम चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। ड्युटी कंपाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि जावेद घर में सीढ़ियों से गिरा था। वह घर के पास कमरे में भूसा भरने के बाद ऊपरी मंजिल पर जा रहा था, तभी संतुलन बिगड़ गया था। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले ही शादी हुई थी। पत्नी गर्भवती है, जो मायके गई हुई है। 2-3 दिन में डिलेवरी होने वाली है। परिवार के खुशियों का माहौल था, लेकिन माहौल गम में बदल गया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा। जिसे दंगवाड़ा ले जाया गया है।

### एआई का प्रशिक्षण आज की महती आवश्यकता -कलेक्टर

**उज्जैन।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि माधवनगर के अटल सभागृह में शुक्रवार को जिले के सभी 206 हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा वर्तमान आधुनिक युग में अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों, सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग अनिवार्य हो चुका है। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के लिए कोडिंग सीखने को आज की महती आवश्यकता बताया।

---

**नाना खेड़ा बस स्टैंड स्थित एक केक शॉप पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही, एक्सपायर्ड बेवरेज भी जब्त किए**

# फंगस वाला केक मिला, नमूने जांच के लिए भेजे





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने नाना खेड़ा बस स्टैंड स्थित एक केक शॉप पर आज शुक्रवार देर रात कार्रवाई की। इस दौरान दुकान से फंगस लगा केक और एक्सपायर्ड नॉन-अल्कोहलिक स्पार्कलिंग बेवरेज की बोतलें जब्त की गईं। विभाग ने सभी सामग्री के नमूने जांच के लिए भेजे हैं।

यह कार्रवाई एक सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद की गई। शिकायतकर्ता विभाग के पास फंगस लगा केक लेकर पहुंचे थे। जांच के दौरान अधिकारियों ने केक में अनियमितता पाई, जिसके बाद उसे तुरंत जब्त कर लिया गया।

टीम को दुकान के फ्रिज गंदे और अस्वच्छ मिले, जिससे खाद्य सामग्री में फंगस पनपने की आशंका जताई गई। इसके अतिरिक्त, दुकान में रखी कई नॉन-अल्कोहलिक स्पार्कलिंग बेवरेज की बोतलें अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी थीं। विभाग ने इन पेय पदार्थों के भी नमूने लिए हैं।

अधिकारियों ने यह भी पाया कि दुकान पर फूड लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किया गया था, जो नियमों का उल्लंघन है। यह दुकान इंदौर की एक फ्रेंचाइजी बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा और बी.एस. देवलिया सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।

फिलहाल सभी जब्त किए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ अभियोजन और लाइसेंस निलंबन जैसी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हरिफाटक क्षेत्र ब्रिज निर्माण के चलते मकान तोड़ने का विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत हरिफाटक क्षेत्र में समानांतर ब्रिज निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में बारह खोली क्षेत्र में करीब 30 मकानों को हटाया जाना प्रस्तावित है। शुक्रवार को इसी कार्रवाई के तहत नगर निगम की टीम जब मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंची तो क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। शुक्रवार दोपहर नगर निगम की टीम भवन अधिकारी राजकुमार राठौर और अधिकारी सौम्या चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस बल और अमले के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने बुलडोजर की मदद से एक मकान को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की, जिसके बाद स्थानीय रहवासी आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। रहवासियों ने पुलिस थाना भी घेरा।



रहवासियों का आरोप था कि मुआवजा देने की बात कही गई थी, लेकिन अब उन्हें मकान खाली करने के लिए कहा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय पर मुआवजा मिलता तो वे वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते, लेकिन बिना किसी आर्थिक सहायता के मकान खाली कराना गलत है। वहीं नगर निगम अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुआवजा उन्हीं को दिया जाएगा, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होंगे। साथ ही यह भी बताया गया कि मुआवजे की प्रक्रिया एमआईसी और नगर निगम सदन से स्वीकृति के बाद पूरी होगी, इसलिए इसमें समय लग रहा है। विरोध के बीच नगर निगम ने क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की। वहीं नियमानुसार कई अन्य क्षेत्रों में पहले मुआवजा या पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है, जबकि बारह खोली क्षेत्र में पहले कार्रवाई और बाद में प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ गया है।

# स्कार्पियों-ट्राले की भिड़ंत पत्नी की मौत पति घायल

### कश्मीर से लौट रहे थे गरोठ मार्ग पर हादसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरोठ मार्ग पर शुक्रवार तड़के स्कार्पियों और ट्राले के बीच सीधे भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कार्पियों सवार महिला की मौत हो गई। पति गंभीर घायल हुआ है। दुर्घटना में 6 साल का मासूम सुरक्षित बच गया।

झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर स्कार्पियों और ट्राले की आमने-सामने हुई भिड़ंत की खबर मिलते ही एम्बुलेंस और पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। स्कार्पियों में पति-पत्नी और 6 साल का बच्चा सवार था। तीनों का बाहर निकाला गया। बच्चा पिछली सीट पर बैठा होने पर सुरक्षित बच गया था। गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सामने आया कि पत्नी की मौत हो चुकी है। पति की हालत नाजुक थी। पहचान करने पर सामने आया कि ताजपुर का रहने वाला परिवार है। परिजनों को सूचना दी गई। जिनके आने पर घायल का नाम जुबेर लाला और मृतक पत्नी का नाम रूबैया सामने आया। सुरक्षित बालक उबैद था। परिजनों ने बताया कि तीनों कुछ दिन पहले कश्मीर घूमने गये थे। जहां से वापस लौट रहे थे। मामले में अस्पताल कोतवाली चौकी पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया और मृतक रूबैया का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन घायल जुबेर को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गये थे। चौकी पुलिस के अनुसार दुर्घटना की जांच झारड़ा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

# 62 करोड़ से 218 किमी अस्थायी पाइपलाइन डालेगी निगम

**पानी स्टोरेज करने 3 भूमिगत टैंक भी बनाएंगे, कागजों में बने इस प्लान को अधिकारी और जनप्रतिनिधि धरातल पर जाकर देखेंगे**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की एमआईसी में स्थाई सीवरेज और पक्की नाली बनाने के प्रस्ताव पर मचे हंगामे के बाद निगम ने अब अपने स्तर से अस्थाई सीवरेज लाइन व पेयजल लाइन की कार्ययोजना तैयार कर ली। निगम ने मेला क्षेत्र में 345 करोड़ रुपए से तीन भूमिगत टैंक और 62 करोड़ रुपए से 218 किमी पाइप लाइन बिछाने का प्लान बनाया है।



कागजों में बने इस प्लान को अधिकारी और जनप्रतिनिधि धरातल पर जाकर देखेंगे। पाइपलाइन डालने से लेकर पानी स्टोरेज के लिए बनाए जाने वाले स्थाई भूमिगत टैंक के लिए जगह फाइनल करेंगे, ताकि ये टैंक बाद में जरूरत पड़ने पर भी उपयोग में लिए जा सके। निगम के लिए इस सिंहस्थ में यह नया काम रहेगा। इससे पहले हर बार निगम जमीन के ऊपर टंकी बनाकर उसके माध्यम से सप्लाई करती। इस बार जमीन के अंदर तीन टैंक बनाकर वहां से पूरे 218 किमी मेला क्षेत्र में पेयजल सप्लाई करेगी। मौका मुआयना करने के बाद जल्द ही टेंडर प्रक्रिया निपटाते हुए इसका काम शुरू कराएंगे। इधर, पेयजल के लिए डाली जाने वाली पाइपलाइन को मेला खत्म होने के बाद वापस निकाल ली जाएगी। इसी आधार पर टेंडर की दरें तय होगी यानी सिर्फ 2-3 माह के लिए ही मेला क्षेत्र में अस्थाई पाइपलाइन डाली जाना है।

सीवरेज भी ऐसे ही अस्थाई रूप से डालने की कार्ययोजना बन रही है। यूडीए के माध्यम से सिंहस्थ क्षेत्र में 50 किमी पक्की सड़कें बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी दौरान गत दिनों हुई नगर निगम की एमआईसी की बैठक सिंहस्थ क्षेत्र में सीवरेज और नाली निर्माण कराने का प्रस्ताव रख दिया गया। महापौर व एमआईसी सदस्यों की जानकारी के बगैर अचानक आए इस प्रस्ताव को लेकर एमआईसी सदस्यों ने विरोध किया। उन्होंने यूडीए के प्रोजेक्ट के आधे काम को नगर निगम के माध्यम से कराने पर आपत्ति ली। मामले को लेकर आधे घंटे तक एमआईसी सदस्यों की अफसरों से बहस हुई। मेला अधिनियम 1955 के तहत मेला क्षेत्र में स्थाई व पक्के निर्माण प्रतिबंधित है। इसे लेकर यहां प्लान की गई सिंहस्थ सिटी का विरोध हुआ। किसानों के विरोध के बाद इसे निरस्त करना पड़ा। ऐसे में निगम भी मेला क्षेत्र में पक्का व स्थाई निर्माण करने से बचना चाहती है। हालांकि यूडीए यहां 50 किमी की पक्की सड़कें बना रही है।

**सिंहस्थ के बाद पाइपलाइन हटा लेंगे-** मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए प्लान बना लिया है। निगम 62 करोड़ रुपए से 218 किमी की अस्थाई पाइप लाइन डालेंगे। जो मेले के बाद हटा ली जाएगी। पानी स्टोरेज के लिए इस साल पहली बार जमीन के नीचे टैंक बना रहे हैं। 345 करोड़ से बनने वाले वाटर टैंक का बाद में क्या उपयोग हो सके। इसे लेकर मंथन चल रहा है।

**- मुकेश टटवाल, महापौर, नगर निगम**

उज्जैन
शनिवार
23
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।
कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम्।।

**अर्थः** किस आदमी का दिमाग एक विद्वान और विनम्र आदमी को नहीं लूटता है? सोना और रत्न का संयोग किसकी आंखों को सुख नहीं देता?

## खबर एक नजर...

### सड़क हादसे में घायलों को मुफ्त इलाज नहीं देने पर रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की चेतावनी

**इंदौर।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू प्रधानमंत्री राहत योजना में लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के तहत घायलों का उपचार नहीं करने वाले अस्पतालों और नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री राहत योजना (सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार) जिले में 20 फरवरी 2026 से लागू की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संबद्ध सभी अस्पताल प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत नामित अस्पताल के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा अन्य निजी अस्पतालों को भी योजना में शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि गैर-नामित अस्पतालों को भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों का प्राथमिक उपचार और स्थिरीकरण करना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की लगातार मॉनिटरिंग में यह सामने आया है कि कई शासकीय और निजी अस्पताल दुर्घटना पीड़ितों को योजना का लाभ नहीं दे रहे हैं। कुछ अस्पताल पुलिस द्वारा लाए गए घायलों का पंजीयन और उपचार करने से भी इनकार कर रहे हैं।

### इंदौर अभिभाषक संघ; चुनाव अधिकारी के नाम पर आपत्ति

**इंदौर।** इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव अगले महीने होने वाले हैं। पिछले दिनों संघ की कार्यकारिणी ने अधिवक्ता विमलकुमार मिश्रा को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। चुनाव में उम्मीदवारी जता रहे एक प्रत्याशी के करीबी होने का आरोप लगाकर बदले जाने की मांग की गई है। वोटिंग स्थल की लाइव स्ट्रीमिंग कराए जाने की मांग भी की गई है।

### 25 से नौतपा, तपिश कम रहेगी, प्री-मानसून जून में



**इंदौर।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भी तपिश तो नौ दिनों में कम रहेगी, लेकिन बारिश के आसार भी नहीं हैं। पिछले साल मई में 8 इंच बारिश हो गई थी। इस बार एक बूंद पानी भी नहीं बरसा है। प्री-मानसून की गतिविधि 20 मई के बाद से शुरू हो जाती है। इस बार मई में गर्मी को प्रभावित करने वाला कोई सिस्टम सक्रिय नहीं हुआ है। इस कारण 8 मई से लगातार तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। शुक्रवार को भी पारा 41.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा रहा। राहत की बात यह है कि पिछले दिनों लगातार 43-44 डिग्री तक अधिकतम गया था, जो नौतपा में इस स्तर तक जाने वाला नहीं है। पारा 39 से 41 डिग्री के बीच रहेगा। इस बारिश के सीजन का अधिकृत खाता 1 जून से शुरू हो जाएगा। 25 मई के बाद से ही टुकड़ों में बारिश की शुरुआत हो जाती है, लेकिन इस दफा मई पूरा सूखा ही बीतने वाला है। 5 जून के बाद ही बादल छाने और बारिश शुरू होने की संभावना है।

### शहर में कई जगह बोरिंग सूखे, पानी के लिए जाम तक लगा चुके हैं इंदौरवासी

# जल संकट, करना पड़ रहा टैंकरों का इंतजार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर इन दिनों बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। लगातार आठ बार देश में स्वच्छता का ताज पहनने वाले शहर में अब हालात ऐसे हैं कि हजारों परिवार जल संकट से जूझ रहे हैं।

कहीं महिलाएं खाली बर्तन लेकर दूर-दूर तक पानी भरने जा रही हैं, तो कहीं लोग घंटों टैंकरों का इंतजार करने को मजबूर हैं। कई इलाकों में दो-दो दिन बाद पानी पहुंच रहा है, जिससे लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह प्रभावित हो गई है।



स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई जगहों पर लोग सड़क पर उतर आए हैं, चक्काजाम कर रहे हैं, मटके फोड़ रहे हैं और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। शहर में पानी अब सबसे बड़ा संकट बन चुका है।

**मोहल्लों और कॉलोनियों में गहराया संकट-** शहर के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में जल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। कई कॉलोनियां पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हो चुकी हैं। हालात यह हैं कि टैंकर आने पर लोगों में पानी भरने को लेकर विवाद और झड़पें तक हो रही हैं। कई घरों के बाहर टंकियां, ड्रम और बाल्टियां पहले से सजाकर रखी जा रही हैं ताकि टैंकर आते ही पानी भरा जा सके।

#### पानी के लिए सड़क पर उतर रहे लोग

- जल संकट अब राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। कई इलाकों में लोगों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किए हैं। कांग्रेस ने शहर के सभी 22 जोन कार्यालयों पर प्रदर्शन कर खाली मटके फोड़े।
- तपेश्वरी बाग की पानी टंकी पर लोगों ने जमकर नारेबाजी की। यहां तक कि गुस्साए लोगों ने हाइड्रेंट तक तोड़ दिया, जिसकी शिकायत नगर निगम कर्मचारियों ने थाने में दर्ज कराई।
- विकास नगर में महिलाएं और पुरुष सड़क पर बैठ गए और पार्षद के साथ मिलकर रोड जाम कर पानी की मांग की। वीणा नगर में पानी की टंकी पूरी नहीं भरने पर धरना दिया गया। कई क्षेत्रों में लोगों ने जनप्रतिनिधियों के घरों का घेराव करने तक की चेतावनी दी।

#### निगम के टैंकरों से मुफ्त सप्लाई

- नगर निगम का कहना है कि भूजल स्तर गिरने और आधे से ज्यादा बोरिंग सूखने के कारण संकट बढ़ा है। इससे निपटने के लिए नर्मदा परियोजना की टंकियों से सप्लाई के साथ-साथ 616 किराए के और 79 नगर निगम के टैंकरों से निशुल्क पानी वितरित किया जा रहा है।
- नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई ड्राइवर, क्लीनर या अन्य व्यक्ति पानी के बदले पैसे मांगता है, तो इसकी शिकायत 9244998811, कंट्रोल रूम नंबर 8889855520 या 311 ऐप पर करें।

### इंदौर डीसीपी कोर्ट ने व्यापारी को दी राहत

# पुलिस की बाउंड ओवर कार्रवाई निरस्त

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के जोन-1 में पदस्थ विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपायुक्त कृष्ण लालचंदानी ने एक महत्वपूर्ण फैसले में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा प्रस्तुत बाउंड ओवर की कार्रवाई को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि प्रतिबंधात्मक कार्रवाई केवल आदतन अपराधियों पर लागू होती है, न कि ऐसे मामलों में जहां विवाद दो पक्षों के बीच निजी रंजिश का परिणाम हो। अदालत ने व्यापारी को मामले से बरी करते हुए पुलिस के इस्तगासे को अवैध और अप्रचलन योग्य माना।

व्यापारी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि सदर बाजार थाना पुलिस ने व्यापारी




के खिलाफ धारा 129 बीएनएसएस के तहत तीन वर्ष के लिए बाउंड ओवर की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा था। पुलिस ने इस्तगासे में व्यापारी को दुस्साहसिक, भयंकर प्रवृत्ति का और समाज के लिए खतरा बताते हुए दावा किया था कि उसके खिलाफ लगातार अपराध दर्ज हो रहे हैं और वह कानून का भय नहीं रखता।

**समाज के किसी अन्य व्यक्ति ने शिकायत नहीं की-** बचाव पक्ष के वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे और रूपाली राठौर ने अदालत में तर्क दिया कि व्यापारी के खिलाफ दर्ज सभी शिकायतें एक ही फरियादी मकान मालिक और उसके परिवार द्वारा की गई हैं। यह पूरा मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद से जुड़ा है, जिसका फैसला पहले ही जिला न्यायालय व्यापारी के पक्ष में दे चुका है। उन्होंने बताया कि समाज के किसी अन्य व्यक्ति ने व्यापारी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की है।

बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि मकान मालिक और उसका परिवार झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आदी रहा है और उनके खिलाफ स्वयं मामला दर्ज होकर वे जमानत पर हैं। पुलिस ने गलत तथ्यों और कानून की मंशा के विपरीत कार्रवाई करते हुए इस्तगासा पेश किया। सभी साक्ष्यों और पक्षों की दलीलें सुनने के बाद डीसीपी न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि व्यापारी के खिलाफ दर्ज सभी मामले एक ही फरियादी द्वारा कराए गए हैं और यह विवाद मकान मालिक-किरायेदार की आपसी रंजिश का परिणाम है।

# सहायक राजस्व निरीक्षक की सेवा की समाप्त

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी (मूलपद - सहायक राजस्व निरीक्षक) अरविंद नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में नायक पर लगे आरोप सही पाए गए। आरोपों के संबंध में नायक से स्पष्टीकरण भी मांगा था, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके चलते म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 10 के प्रावधानतर्गत दीर्घशास्ति अधिरोपित करते हुए अरविन्द नायक को तत्काल प्रभाव से निगम सेवा से बर्खास्त किया गया। अरविंद नायक ने अपनी ड्यूटी के दौरान ग्राम बिचौली मदार्ना स्थित सम्पत्तिकर खाता कमांक 1001346534 में किए गए संशोधन के संबंध में प्राप्त शिकायत पर अपर आयुक्त (राजस्व) नगर पालिक निगम, इन्दौर के स्तर से प्रेषित जांच प्रतिवेदन में उक्त सम्पत्ति कर खाता क्रमांक 1001346534 अग्रवाल पब्लिक स्कूल (लर्न बाय अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट) निगम रिकार्ड अनुसार जोन कमांक 19 वार्ड क्रमांक 76 में वर्ष 2014-15 से दर्ज होकर ये सम्पत्तिकर खाता ई-नगर पालिका पोर्टल पर 23 अगस्त 2025 की स्थिति में आवासीय / व्यवसायीक/होस्टल- कुल क्षेत्रफल 577006 वर्गफीट होकर कुल मांग 3,19,79,612 /- दर्ज होना पाई गई।

# इंदौर में सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम की कार्रवाई

## छावनी क्षेत्र से हटाया जा रहा अतिक्रमण, जेसीबी-पोकलेन तोड़ रही मकानों का बाधक हिस्सा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के छावनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार सुबह नगर निगम का अमला भारी पुलिस बल के साथ मैदान में उतर गया। निगम द्वारा बाधक मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस प्रशासन की टीम भी मौजूद रही।

सुबह से ही निगम का रिमूवल अमला क्षेत्र में तैनात हो गया था। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। कई मकानों और निर्माणों को मशीनों की मदद से हटाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई दोपहर तक जारी रह सकती है।



इंदौर के छावनी इलाके में सड़क चौड़ीकरण के दौरान का चौंकाने वाली घटनाएं भी सामने आईं। अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई जारी है। इसी दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब कार्रवाई के बीच एक खंभा अचानक गिर गया और वहां मौजूद एक व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया। घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार के लिए भेजा गया।

**60 फीट तक चौड़ी होगी सड़क-** नगर निगम ने कार्रवाई से पहले क्षेत्र के निवासियों को नोटिस देकर जानकारी दे दी थी। इसके बाद शुक्रवार को तय योजना के तहत कार्रवाई शुरू की गई। बताया जा रहा है कि सड़क को पहले 80 फीट चौड़ा किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के बाद फिलहाल इसे 60 फीट तक चौड़ा करने का निर्णय लिया गया है।

**महापौर ने भी की थी रहवासियों से बात-** गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण को लेकर कुछ दिन पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे। उन्होंने स्थानीय रहवासियों से चर्चा कर सड़क की स्थिति का जायजा लिया था। फिलहाल नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर के विकास और मास्टर प्लान की दृष्टि से ये सड़कें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। लोगों को पर्याप्त समय और नोटिस देने के बाद भी सड़क के बीच बने अवैध निर्माण और बाधाओं को नहीं हटाया गया, जिसके चलते प्रशासन द्वारा अब उन्हें हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### फार्मेसी और नैनो तकनीक में अहम शोधः डॉ. उमेश कुमार अटनेरिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**उज्जैन।** शहर के डॉ. उमेश कुमार अटनेरिया को फार्मेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध के लिए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके इस शोध को नैनो तकनीक और चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण नवाचार माना जा रहा है। बाबूलाल अटनेरिया के पुत्र डॉ. उमेश ने अपना शोध कार्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी में प्रसिद्ध मार्गदर्शक डॉ. जितेंद्र सैनी के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध ‘डेवलपमेंट ऑफ मॉडिफाइड ग्राफीन ऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स फॉर डिलीवरी ऑफ इटोपोसाइडर विषय पर प्रस्तुत किया है। डॉ. अटनेरिया की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कतिया समाज सेवा समिति उज्जैन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम समारोह कल, जुटेंगे संत-महंत

**उज्जैन।** श्री सद्गुरु कबीर धर्मदास जी वंशावली सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में रविवार, 24 मई को 'सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम पंच कोशी मार्ग स्थित नक्षत्र होटल के पास राज विलास पैलेस में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रहलाद मालवीय भगतजी ने बताया कि समारोह की शुरूआत सुबह 9 बजे से होगी। इसमें विभिन्न संत-महंतों द्वारा सत्संग, भजन और प्रवचन दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बांधवगढ़ के महंत हरिदास जी साहब के करकमलों द्वारा आनंदी चोका आरती संपन्न की जाएगी। इसके पश्चात सुंदर लाल मालवीय सुवासा और भजन मंडल द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अनाज तिलहन व्यवसायी संघ उज्जैन के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, संघ के सचिव हजारीलाल मालवीय और तराना के पूर्व राज्यमंत्री बाबूलाल मालवीय उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत-महंतों की ज्ञान वर्षा, सत्संग और भजनों का लाभ प्राप्त करें।

### बेटियों का सम्मान करने वाले घरों में होता है लक्ष्मी का वासः संत संतोष देव

# भागवत कथा का छठा दिनः श्रीकृष्ण लीलाओं का हुआ मनोहारी वर्णन, छप्पन भोग का हुआ आयोजन






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूज्य सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति उज्जैन के तत्वावधान में संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अब्दालपुर में चल रही भागवत कथा के छठे दिन अमरावती महाराष्ट्र के शिव धारा आश्रम से आए संत श्री संतोष देव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वे माता-पिता भाग्यशाली हैं जिनके घर बेटियां हैं। जिस घर में बेटियों की पूजा होती है, वहां सदैव देवताओं और माता लक्ष्मी का वास होता है।

समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि महाराज जी ने कलयुग में कीर्तन और सत्संग को ही भवसागर पार करने का माध्यम बताया। प्रकृति के नियमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह शरीर नाशवान है। यह जिंदगी का मेला है, जहां आना-जाना लगा रहता है। संत श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान को अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न नामों से पूजा जाता है; जैसे राजस्थान में सांवरिया सेठ और श्रीनाथ, महाराष्ट्र में पंढरीनाथ और विठ्ठल, दक्षिण में जगन्नाथ तथा गुजरात में द्वारकानाथ। कथा में भक्त नामदेव की भक्ति, कंस वध कर उग्रसेन को राजा बनाने, गोपियों व उद्धव के प्रसंग के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उज्जैन के गुरु सांदीपनि आश्रम में 64 कलाओं की शिक्षा ग्रहण करने का मार्मिक चित्रण किया गया।

आयोजन में श्री गोपाल बलवानी ने अपने पिता स्वर्गीय श्री हरिराम जी बलवानी की स्मृति में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया। कथा के दौरान नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने संत श्री का स्वागत किया और सिंधी भाषा में हो रहे इस धार्मिक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कथा में महेश परियानी, गोपाल बलवानी, प्रताप रोहेरा, महेश गंगवानी, रमेश समदानी, जवाहर सनमुखानी, रमेश गजरानी, श्याम महेश्वरी और सुशीला दिलीप राठौर सहित विभिन्न समाजसेवियों ने संत श्री का स्वागत किया। आयोजन में सिंधु जागृत समाज उज्जैन, समर्थ सेवा संस्था, हरे माधव ग्रुप पंचायत, पूज्य सिंधी जेकबाबाद पंचायत, सिंधी क्लॉथ मार्केट, सिंधी भाई बंद पंचायत बुधवारिया और इंदिरा नगर पंचायत की विशेष सहभागिता रही।

# बूथ स्तर तक कांग्रेस को सशक्त बनाने पर मंथन

### उज्जैन कांग्रेस कार्यालय में जिला एवं विधानसभा प्रभारियों सहित ब्लॉक अध्यक्षों की अहम बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर कांग्रेस कार्यालय में संगठन की मजबूती और आगामी रूपरेखा को लेकर जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने के साथ ही कांग्रेस पार्टी को मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने के सुझाव साझा किए। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अहम बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, महिदपुर विधायक दिनेश जैन, जिला ग्रामीण प्रभारी चंदर सिंह सौंधिया, संगठन महासचिव राजेंद्र व्यास और निर्वाचन प्रतिनिधि हेमंत जौहरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इनके अलावा विधानसभा प्रभारी पवन पांडे, अर्जुनसिंह तनोडिया, चंद्रशेखर पालीवाल, सुनील वर्मा, परशुराम सिसोदिया सहित जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने बैठक में भाग लेकर संगठन हित में अपने विचार रखे।

# महंत जयराम दास त्यागी जी महाराज को संत समाज ने दी श्रद्धांजलि

### संतों ने अनुयायियों से सत्कार्य निरंतर जारी रखने का किया आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पीपलीनाका स्थित पातेश्वर महादेव मंदिर व आश्रम के वयोवृद्ध महंत श्री जयराम दास त्यागी जी महाराज के साकेत गमन पश्चात पीपलीनाका स्थित मारवाड़ा माली समाज धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के संत समाज और अनुयायियों ने महाराज श्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास जी ने की। सभा में उपस्थित संतों ने महाराज जी के तपोमय जीवन और उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों का स्मरण किया। संतों ने महाराज जी के अनुयायियों और भक्तों से विशेष आह्वान किया कि महाराज जी ने जो भी सत्कार्य आरंभ किए थे, वे रुकने नहीं चाहिए और उन्हें निरंतर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से महंत श्री भगवान दास जी, महंत श्री मुनिशरण दास जी, महंत श्री दिग्विजय दास जी निवार्णी, महंत श्री हनुमान दास जी, महंत श्री राघवेंद्र दास जी, महंत श्री अरुण दास जी, महंत श्री परमेश्वर दास जी त्यागी, महंत श्री अर्पित दास जी, महंत श्री रामदास जी महंत श्री भगवत दास जी, महंत श्री ईश्वर दास जी (विनायगा), भाजपा नगर महामंत्री जगदीश पांचाल और जगदीश विश्वकर्मा जी सहित अन्य संत एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तिरुपति धाम में गूंजा 'वेंकट रमणा गोविन्दा' का जयघोष, श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान जारी

### अयोध्या के आचार्यों द्वारा प्रतिदिन हो रहे महायज्ञ और पाठ, संतों के सानिध्य में दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर का लाभ लेने की अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





बड़नगर रोड स्थित हनुमान गढ़ी के श्री तिरुपति धाम मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 15 दिवसीय श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ निरंतर जारी है। श्रीकांत धमार्दाय ट्रस्ट के तत्वावधान में 17 मई से शुरू हुआ यह धार्मिक अनुष्ठान 31 मई तक चलेगा। इस गरिमामय आयोजन में देशभर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं और मंदिर परिसर 'वेंकट रमणा गोविन्दा' के जयघोष से गुंजायमान है।

यह आयोजन श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीकान्ताचार्य महाराज की अध्यक्षता और उत्तराधिकारी स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य महाराज के सान्निध्य में हो रहा है। श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान को पूर्ण विधि-विधान और शास्त्रोक्त पद्धति से संपन्न कराने के लिए अयोध्या से विशेष रूप से विद्वान आचार्य पधारे हैं। आचार्यों के अनुसार भगवान श्री सुदर्शन जी का यह अनुष्ठान भक्तों के सभी प्रकार के कष्टों का निवारण कर घर में सुख, शांति और समृद्धि लाने वाला है। आयोजन समिति ने बताया कि अनुष्ठान के तहत प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। रोजाना सुबह 7 से 9 बजे तक भगवान का अभिषेक किया जा रहा है। इसके पश्चात सुबह 9 से 12 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे तक पाठ का आयोजन होता है, तथा शाम 5 से 6 बजे तक प्रतिदिन हवन और आरती की जा रही है। संतों के सानिध्य में 84 महादेव, नौ नारायण और सप्त सागर की नगरी उज्जैन में सदियों में कभी-कभी ही ऐसा अलौकिक अवसर प्राप्त होता है। यह धार्मिक आयोजन अनेक जन्मों के पुण्यों से प्राप्त होने वाला एक दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर है।

## खबर एक नजर...

### बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में बैठक 25 मई को

उज्जैन। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु में बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में बैठक सोमवार 25 मई को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की जाएगी। इसमें संबंधित विभागों को संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### 25 मई तक मिलेगा राशन हितग्राहियों से समय पर वितरण लेने की अपील

उज्जैन। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी कि नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट (हस्नक्र) अंतर्गत पात्र परिवारों को शासन द्वारा मई एवं जून 2026, दोनों माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित की जा रही है। राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 मई 2026 कर दी गई है।ऐसे हितग्राही जो अभी तक राशन प्राप्त नहीं कर सके हैं, उनसे अपील की गई है कि वे 25 मई 2026 के पूर्व अपनी संबंधित उचित मूल्य दुकान पर पहुंचकर दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) कराएं तथा दोनों माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एवं मशीन से निकली दोनों पावतियां प्राप्त करें।

### उज्जैन बालिका टीम की घोषणा, मेहरप्रीत होंगी कप्तान

**उज्जैन।** शहर में आयोजित होने वाली मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल लीग 2026 के लिए उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालिका टीम की घोषणा कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण चैंपियनशिप के लिए टीम का नेतृत्व मेहरप्रीत कौर सचदेवा को सौंपा गया है। एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि इस राज्य स्तरीय स्पर्धा की मेजबानी उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा की जा रही है। समारोह में मुख्य अतिथि शैलेंद्र व्यास 'स्वामी मुस्कुराके' की उपस्थिति में बालिका टीम की घोषणा की गई और सभी चयनित खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइटस, संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, मनीष धनौरिया, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया और अर्चना टाइटस विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनित बालिका टीम में मेहरप्रीत कौर सचदेवा कप्तान, सुप्रिया नागर, ध्रुवी भावसार, आर्ना मिश्रा, धान्या मोदी, प्रतीका सोनी, अद्वैता झाला, आरवी शर्मा, कृषि शर्मा, दृष्टि शर्मा, आन्या राठौर और आराध्या गर्ग शामिल हैं।

### नेशनल हाईवे 52 पर लॉ कॉलेज के समीप पलटा ट्रक, टला बड़ा हादसा

**शाजापुर।** शहर के समीप नेशनल हाईवे 52 पर स्थित लॉ कॉलेज के सामने ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# शरीर से भले ही कैदी हों, संयम और सेवा से मन के बंधन से मिल सकती है मुक्तिः कुलगुरु प्रो. मिश्र

### भैरवगढ़ जेल में 10 दिवसीय आत्म एवं व्यक्तित्व परिष्कार योग शिविर का शुभारंभ

उज्जैन। अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन और महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 22 मई 2026 को केंद्रीय कारागार भैरवगढ़ में 10 दिवसीय आत्म एवं व्यक्तित्व परिष्कार तथा योग शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र रहे। उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिप्रा तट पर स्थित भैरवगढ़ जेल में रहने वाले भले ही शरीर से कैदी हों, लेकिन संयम, तप और सेवा के माध्यम से वे अपने मन के बंधन से छूट सकते




हैं। कुलगुरु प्रो. मिश्र ने भारतीय दर्शन का हवाला देते हुए कहा कि संसार में रहने वाला प्रत्येक प्राणी किसी न किसी बंधन में है। मन के अधीन कार्य करते हुए व्यक्ति काम, क्रोध और लोभ के मोहपाश में बंधा है। इससे मुक्ति का मार्ग केवल भक्ति है, जिसे कहीं भी रहकर प्राप्त किया जा सकता है। सकारात्मक विचारों के साथ जीना ही जीवन की सार्थकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस शिविर से बंदियों में निश्चित रूप से सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने ने गायत्री विद्या पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी उपासना पद्धति का मूलाधार व्यक्तित्व परिष्कार है।

### योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन और बंदियों का मार्गदर्शन

देव पूजन और दीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में भैरवगढ़ सह-जेल प्रभारी विनोद मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। योग विभाग के प्राध्यापक डॉ. रघुवीर पटेल के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आसनों और यौगिक सूक्ष्म व्यायाम का प्रदर्शन कर बंदियों को स्वस्थ जीवन की प्रेरणा दी। छात्र कान्हा बाड़ोले ने कठिन और दुर्लभ योगासनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका मन जीत लिया, जिस पर मुख्य अतिथि और विनोद मालवीय ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। उज्जैन उपजोन सह समन्वयक डॉ. शशिकांत शास्त्री, जिला समन्वयक राम प्रसाद सरिया, जेल अधीक्षक डाबर और पूर्व जेल अधीक्षक गोपाल सिंह गौतम ने बंदियों को व्यक्तित्व परिवर्तन कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ उज्जैन द्वारा सभी बंदी परिजनों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका और पेन प्रदान किए गए। गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल बाड़ोलिया ने नवयुग के संविधान युग निर्माण सत संकल्प का पाठ करवाया और सभी को इसकी प्रति भेंट की। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश शर्मा ने किया। जय घोष और आभार प्रदर्शन स्थानीय समन्वयक कृष्ण पटेल ने किया,

### शाजापुर में 1 करोड़ की लागत से बनेगी भव्य एवं आधुनिक गौशाला, विधायक भीमावत ने किया भूमिपूजन

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ शिलान्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

सनातन संस्कृति की मूल भावना को चरितार्थ करते हुए और गौवंश संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, शुक्रवार को शाजापुर में एक भव्य और सर्व-सुविधायुक्त गौशाला के निर्माण का श्रीगणेश हुआ। श्री गोपाल गौशाला न्यास (नई सड़क) द्वारा ग्राम कांजा स्थित ह्लबल्डीह्व तालाब खेड़ा रोड पर प्रस्तावित इस आधुनिक गौशाला का भूमिपूजन प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार व पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। इस ऐतिहासिक प्रकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय विधायक अरुण भीमावत ने 1 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है। कार्यक्रम का शुभारंभ दो गौमाताओं की




विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। इस दौरान विधायक अरुण भीमावत ने मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, ह्लगौ सेवा हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आत्मा है। जहां गौ माता का सम्मान होता है, वहां सुख, समृद्धि और संस्कारों का वास होता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गौशाला का निर्माण केवल गौवंश का संरक्षण नहीं है, बल्कि यह समाज में सेवा, संस्कार और मानवता को सशक्त करने का एक पवित्र माध्यम है। गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य और गौ रक्षा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। विधायक ने समाज के उन लोगों विशेषकर वरिष्ठजनों से गौ सेवा में आगे आने का आग्रह किया, जो अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से मुक्त होकर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने किसानों, समाजसेवियों, गौ भक्तों और क्षेत्रवासियों से गौशाला के निर्माण एवं सुचारु संचालन में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देने का आह्वान किया। गौशाला को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष रूपरेखा तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, विशाल गौशाला परिसर में गौवंश की सुरक्षा के लिए मजबूत तार फेंसिंग की जाएगी। इसके अलावा, गौवंश के लिए पेयजल व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से परिसर में एक तालाब का निर्माण भी प्रस्तावित है।

### हवाई सफर से 'धरती के स्वर्ग' पहुंचा अरिहन्त सोशल ग्रुप

**उज्जैन।** अरिहन्त सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित सात दिवसीय कश्मीर यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस यात्रा में ग्रुप के लगभग 50 सदस्यों ने हवाई मार्ग से सफर कर कश्मीर की वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। यात्रा की शुरूआत श्रीनगर से हुई, जहां सदस्यों ने प्रसिद्ध डल झील में शिकारा राइड का लुत्फ उठाया। इसके पश्चात मुगल गार्डन, निशात गार्डन, शालीमार गार्डन और हजरतबल दरगाह सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया गया। गुलमर्ग की बर्फ से ढकी पहाड़ियों, सोनमर्ग और पहलगाम के मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य ने भी यात्रियों को आकर्षित किया। यात्रा को रोचक बनाने के लिए बोनफायर, संगीत संध्या और सामूहिक मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# महाप्रभुजी की बैठक में आज तुलसी-शालिग्राम विवाह, निकलेगी बारात

### पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत भव्य चवरी मनोरथ का आयोजन, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी से होगा स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत अंकपात मार्ग स्थित श्री आचार्य महाप्रभुजी की बैठक में आज शनिवार शाम 6:30 बजे भव्य चवरी मनोरथ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालिग्राम और तुलसी जी का विवाह संपन्न होगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह आयोजन श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला मंडल एवं युवा मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में किया जा रहा है। विवाह से पूर्व सुरभि गार्डन से गाजे-बाजे, डीजे और घोड़ी-बग्घी के साथ भव्य बारात निकाली जाएगी। यह बारात मार्ग का भ्रमण करते हुए महाप्रभुजी की बैठक पहुंचेगी, जहां पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ इसका ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात



ठाकुर जी के दर्शन होंगे और पूरी श्रद्धा व धूमधाम के साथ विवाह उत्सव मनाया जाएगा।

यह रहेंगे मनोरथी और स्वागतकर्ता

आयोजन में मुख्य मनोरथी श्री युगल ग्रुप रहेगा। वर पक्ष की ओर से हेमंत-वर्तिका नागर, आभास-लक्ष्मी शर्मा और अखिलेश-ज्योति नागर मनोरथी होंगे। वहीं, वधु पक्ष की ओर से विशाल-नूपुर नीमा और अम्बरीष-सुरभि जवेरी बारात का आत्मीय स्वागत करेंगे।

# भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती पर भड़की युवक कांग्रेस, सौंपा ज्ञापन

### ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था नहीं सुधरने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

आसमान से बरसती आग और 45 डिग्री के पार जाते तापमान के बीच, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। इस भीषण गर्मी में जनता की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार को युवक कांग्रेस ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कार्यकताओं ने बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और विभाग की लचर कार्यप्रणाली पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया कि चिलचिलाती धूप और उमस में बिजली विभाग द्वारा लोड शेडिंग के नाम पर दिन में दो-दो घंटे तक अघोषित रूप से बिजली काटी जा रही है। ऐसे समय में जब पंखे और कूलर



के बिना एक पल रहना मुश्किल है, तब इस कटौती का सबसे ज्यादा खामियाजा छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

कार्यकताओं ने बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ तो उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ उनके हाथों में भारी-भरकम बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा ज्यादा बिजली उपयोग का बेतुका हवाला देकर बिलों की राशि मनमाने ढंग से बढ़ाई जा रही है। विभाग के इस दोहरे रवैये से आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश पनप रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था में जल्द ही सुधार नहीं किया गया और अघोषित कटौती बंद नहीं हुई, तो संगठन मूकदर्शक बनकर नहीं बैठेगा। आम जनता के हकों के लिए युवक कांग्रेस जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करेगी,

# खबर एक नजर...

## निर्माणाधीन गोल्ड क्रश सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**नीमच** । शहर के कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम सकराना स्थित एक निमार्णाधीन गोल्ड क्रश फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान वंदना गोप पिता रूई दास गोप निवासी पुनीपदा, थाना सोनूवा, झारखंड के रूप में हुई है। वह पिछले 8-9 महीनों से फैक्ट्री में सिविल लाइन का कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह काम के दौरान अचानक वंदना गोप की तबीयत बिगड़ गई और उसे घबराहट व जी मचलाने की शिकायत होने लगी। दोपहर करीब ३ बजे उसकी हालत गंभीर हो गई और उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के झारखंड स्थित परिजनों को भी घटना की सुचना दे दी गई है।

## पीजी कॉलेज के 26 पूर्व छात्रों का सरकारी व बैंक सेवाओं में चयन

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के गणित विभाग के 26 पूर्व विद्यार्थियों का वर्ष 2025-26 में विभिन्न शासकीय और बैंकिंग सेवाओं में चयन हुआ है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे और विभागाध्यक्ष प्रो. टी.के. झाला ने बताया कि चयनित छात्रों में रुचि जाट का चयन डिप्टी कलेक्टर और राहुल आंजना का सब-रजिस्ट्रार के पद पर हुआ है। इसके अलावा दीपक व चिराग का गुजरात ग्रामीण बैंक में असिस्टेंट मैनेजर; आयुष, राजवीर, कुलदीप सहित 14 छात्रों का मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में; भूपेन्द्र, जितेन्द्र व अभिषेक का भारतीय रेल में; कपिल दास का ईएसआईसी में तथा बालाराम, विनोद, गजेंद्र व प्रिया का गणित विषय के सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हुआ है।

## देहदान को मिला सम्मान



रतलाम। देहदान का सम्मान पत्र पाकर पूरे परिवार को गर्व का अनुभव महसूस हो रहा है। डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज के एथिकल कमेटी सदस्य गोविंद काकानी, डीन डॉ अनीता मुथा , शरीर संरचना विभाग अध्यक्ष राजेंद्र सिंगरौले एवं उनकी पूरी टीम द्वारा विगत दिवस श्रीमती सुमन पति सुभाष धारीवाल का देह परिवार वालों की सहमति से मिलने पर ससम्मान कॉलेज विभाग में रखा गया। सम्मान पत्र धारीवाल परिवार सदस्य सुनील, राजेंद्र, मनीष, निलेश, सौरभ, पराग, मधुबाला, संगीता धारीवाल, राजेश राठौर, इंजीनियर कांतिलाल टॉक ,इंजीनियर अनिल तिवारी की उपस्थिति में काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव समाजसेवी गोविंद काकानी द्वारा जावरा घर पर जाकर दिया।

### सिंहस्थ मद के तहत नगर पालिका परिषद मंदसौर को प्राप्त हो रही 13 करोड़ रु.

# शिवना नदी का बदलेगा स्वरूप, सिंहस्थ मद से 13 करोड़ रुपये के सौंदर्यीकरण कार्यों को पीआईसी की हरी झंडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



धार्मिक नगरी मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी के तट जल्द ही एक नए और भव्य रूप में नजर आएंगे। नगर पालिका की प्रेजीडेंट इन कौंसिल की बैठक में सिंहस्थ मद के अंतर्गत लगभग 13 करोड़ रु. की राशि से होने वाले शिवना सौंदर्यीकरण के विभिन्न निर्माण कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई है।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने बताया कि सिंहस्थ मद के तहत नगर पालिका परिषद मंदसौर को प्राप्त हो रही 13 करोड़ रु. की इस राशि का उपयोग शिवना नदी के काश्तकार होटल के निचले तट से लेकर भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की नई पुलिया तक के पूरे क्षेत्र को संवारने में किया जाएगा। इस वृहद कार्य योजना के तहत सड़क के किनारे एक मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, शिवना नदी के तट पर सड़क के समानांतर पहले से बनी दीवार की ऊंचाई को भी बढ़ाया जाएगा ताकि सुरक्षा और सुव्यवस्थित ढांचा सुनिश्चित हो सके। शिवना नदी के किनारों को पर्यटन और श्रद्धा के केंद्र के रूप में बेहद खूबसूरत बनाने के लिए यहाँ आधुनिक फाउंटेन (फव्वारे) लगाए जाएंगे और आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाएगी। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के बैठने के लिए नदी तट पर सुंदर छतरियां (गाजीबो) भी तैयार की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, सड़क के दोनों किनारों पर न केवल सुंदर पौधे रोपे जाएंगे, बल्कि पूरी सड़क के किनारे वाले हिस्से को एक मनमोहक बगीचे के रूप में विकसित किया जाएगा। इस सौंदर्यीकरण परियोजना में शिवना नदी के मुख्य घाटों का भव्य निर्माण और पूरे क्षेत्र में व्यापक विद्युतीकरण का कार्य भी शामिल है, जिससे रात के समय यहाँ का नजारा अलौकिक दिखाई देगा।

बैठक में सभापतिगण निलेश जैन, निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, रमेश ग्वाला, शांति फरक्या, कौशल्या बंधवार और सत्यनारायण भांभी, सीएमओ अनिता चकोटिया, उपयंत्री शाहिद मिर्जा, कर्मचारी अजय मारोठिया व राजेन्द्र नीमा ने भी उपस्थित थे।

**कृति संस्था महिला प्रकोष्ठ की कवियत्री गोष्ठी आज-** शहर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था च्कृतिज्ञ के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कवियत्री गोष्ठी में समस्त काव्य प्रेमियों का हार्दिक स्वागत किया गया है। सुरमई शाम में उत्कृष्ट कविताओं एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों का आनंद लेने हेतु नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। श्रीमती आशा सांभर ने बताया कि गोष्ठी 23 मई रात्रि 8.30 बजे से आयोजित की जाएगी।

## गांजे की खेती और एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी पकड़ाए

मंदसौर। जिले के शामगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन में हुई पहली कार्रवाई में चंदवासा चौकी पुलिस ने ग्राम भुंडिया निवासी दिलीप सिंह (25) पिता नारायणसिंह के खेत पर दबिश दी। यहाँ संतरे के बगीचे के बीच अवैध रूप से उगाए गए 25 किलो वजनी कुल 384 हरे गांजे के पौधे जप्त किए गए, जिनकी कीमत 1.25 लाख रुपये है। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में शामगढ़ पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से मधुर कॉलोनी निवासी अंकित (22) पिता गोपाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 68 हजार रुपये मूल्य की 68 ग्राम एमडी ड्रग्स और 10 हजार रुपये का 5 किलो डोडाचूरा जप्त किया। पूछताछ में अंकित ने यह ड्रग्स राजस्थान के दुधालिया निवासी फरदीन खान पिता आजाद खान से लाना बताया, जिसे भी मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पदार्फाश, पिस्टल निर्माण सामग्री जप्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

पुलिस महानिदेशक द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निदेर्शो के पालन में जिला पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया एवं एसडीओपी श्रीमती निकीता सिंह के कुशल मार्ग दर्शन तथा थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए 3 अवैध देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस सहित देशी पिस्टल बनाने का सामान जप्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना मनासा को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दुगार्शंकर पिता नोंदराम सुतार निवासी ग्राम आंतरीमाता का एक देशी पिस्टल मय एक राउण्ड लेकर अपनी मोटर सायकिल सुजुकी मेक्स 100लाल रंग की क्र.एमपी 44 बी 7876 से अपने गांव से मनासा तरफ आ रहा है सुचना पर से पुलिस टीम द्वारा सारसी फंटे पर आरोपी दुगार्शंकर पिता नोंदराम सुतार निवासी ग्राम आंतरीमाता के कब्जे से एक देशी पिस्टल व एक राउण्ड जिंदा के जप्त किया गया।

## माँ-बेटे के साथ मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों को दो वर्ष का कारावास

**मंदसौर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंदसौर की न्यायाधीश श्रीमती रोहिणी तिवारी ने मां-बेटे के साथ मारपीट करने के मामले में दो सगे भाइयों सोनू जटिया और रवि जटिया निवासी इंदिरा कॉलोनी मंदसौर को दोषी पाते हुए 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 8 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। 14 मार्च 2025 की रात आरोपियों ने फरियादिया पानीबाई के बेटे पवन को घर से बाहर बुलाकर गालियां दीं और लट्ठ से मारपीट शुरू कर दी।

# युवक से परेशान युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

नीमच सिटी थाना क्षेत्र के बोरखेड़ी गांव में 22 वर्षीय युवती की जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने एक युवक पर युवती को लंबे समय से परेशान करने के आरोप लगाते हूए निष्पक्ष जांच की मांग की । जानकारी के अनुसार मृतका रिया पिता गोर्वधन, जाति बांछड़ा, निवासी बोरखेडी है। परिजनों का आरोप है कि मनासा क्षेत्र का एक युवक युवती के संपर्क में था और लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था। इसी मानसिक तनाव के चलते मंगलवार शाम को युवती ने गांव में घर से कुछ दूरी पर बने एक कुएं के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर युवती को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी मे सामने आया की मृतका की मां और भाई दोनों नेत्रहीन हैं, जिसके कारण उन्हें घटना की तत्काल जानकारी नहीं मिलीं नीमच सिटी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। वहीं परिजन युवती को परेशान करने के आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

## ठाकुर लोकेंद्र सिंह परिहार का निधन

नीमच। सरदार मोहल्ला निवासी कल्याण सिंह परिहार के अनुज और दिलीप सिंह परिहार ( विधायक नीमच) भूपेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह परिहार के बड़े भाई साहब श्री लोकेंद्र सिंह परिहार, (74) का निधन हो गया द्य पेशे से सेबानिवृत शिक्षक स्व परिहार ने सामाजिक कार्यो में भी अग्रणी भूमिका निभाई । श्री सिह वे अपने जीवन में देश के कई धार्मिक तीर्थ यात्रा भी सम्पन्न की।

# भाजपा के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ जिला प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जेएमडी स्थित श्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा का विचार जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आरंभ हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया, उसके बाद भाजपा के इतिहास को दशार्ने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। परिसर में बनी रंगोली का भी अवलोकन किया गया ।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, प्रशिक्षण टोली के सदस्य क्रांति जोशी, अनुज शर्मा एवं विप्लव जैन मंचासीन रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। आरंभ में पार्टी के पितृ पुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र गीत के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना रखी।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन हुए हैं। जिला प्रशिक्षण वर्ग में 190 पंजीयन किए गए और 170 से अधिक सदस्य उपस्थित हो गए हैं। उन्होंने जिला प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन पालन की अपेक्षा की। प्रथम दिन प्रशिक्षण वर्ग के 7 सत्र हुए। प्रथम सत्र में


## पश्चिमी रेलवे ने विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|
| 09085 | मुंबई सेंट्रल - इंदौर (सप्ताह में दो बार) | सोमवार-शुक्रवार | 27.07.2026 |
| 09086 | इंदौर - मुंबई सेंट्रल (सप्ताह में दो बार) | मंगलवार-शनिवार | 28.07.2026 |
| 09087 | मुम्बई सेन्ट्रल-अहमदाबाद (साप्ताहिक) | बुधवार | 29.07.2026 |
| 09088 | अहमदाबाद-मुम्बई सेन्ट्रल (साप्ताहिक) | गुरुवार | 30.07.2026 |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

उपर्युक्त ट्रेनों के बढ़ाए गए फेरों के लिए बुकिंग 23.05.2026 से सभी PRS काउंटरों पर और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें।

# गांधी प्रतिमा के सामने फूटा जल संकट का जनआक्रोश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने गुरुवार को उस समय जनआक्रोश खुलकर सामने आया, जब नागरिक अधिकार मंच (रजि.) ने सनावद में लगातार गहराते जल संकट को लेकर बस स्टैंड परिसर में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया। भीषण गर्मी, एक दिन छोड़कर हो रही जल आपूर्ति और दूषित पानी की शिकायतों से परेशान नागरिकों की आवाज अब सड़कों पर उतरती दिखाई दे रही है।

कार्यक्रम की शुरूआत गांधी प्रतिमा के जल अभिषेक एवं माल्यार्पण से हुई। मंच के पदाधिकारियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जनता से नियमित नल कर वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में मूलभूत जल सुविधा तक नहीं मिल रही।वक्ताओं ने कहा कि 42 डिग्री से अधिक तापमान में महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग पानी के लिए घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। कई वार्डों में कम दबाव से पानी पहुंच रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में दूषित पानी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। सवाल यह भी उठा कि जब मां नर्मदा किनारे बसे आसपास में प्रतिदिन जल आपूर्ति हो सकती है, तो आखिर सनावद ही जल संकट का स्थायी शिकार क्यों बना हुआ है? मंच ने च्अमृतधारा 0.2 योजना के अधूरे कार्य को भी कटघरे में खड़ा किया। आरोप लगाया गया कि संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण करोड़ों की योजना का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा। योजना में हुई देरी और कार्यों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई गई।जनजागरण कार्यक्रम में नगर के पुराने कुएं, बावड़ियां और पारंपरिक जल स्रोतों की उपेक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा।

मंच पदाधिकारियों ने पूछा कि क्या नगर पालिका के पास भू-जल स्तर बढ़ाने, वर्षा जल संचयन लागू करने और भविष्य के जल संकट से निपटने की कोई ठोस कार्ययोजना है या नहीं? सरकारी भवनों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली लागू नहीं होना भी प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण बताया गया।कार्यक्रम में मंच के संयोजक दिनेश सोनी, संरक्षक गुलाम अली, अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष हबीब खान एवं जयेश राठौर, संगठन मंत्री जयराम चौधरी, सचिव संजय सोनी, कोषाध्यक्ष ऋषि एरन, विधि सलाहकार अभिनव मिश्रा तथा सदस्य दिलीप सिंह पवार, ललित शर्मा, आदित्य मिश्रा, राहुल मुनव्वर, छोटेलाल धीमान, डॉ. रितेश जाचपुरे, सुधीर चौखड़े सहित बड़ी संख्या में मंच कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह पवार द्वारा किया गया।

नागरिक अधिकार मंच ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही प्रतिदिन नियमित जल आपूर्ति, पारदर्शी टैंकर व्यवस्था और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है।

# दो आर्यिका के असामयिक देवलोकगमन पर सकल जैन समाज ने विनयांजलि दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



मध्य प्रदेश के रीवा में एक वाहन चालक की लापरवाही के कारण दिगंबर जैन समाज की पूज्य आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी एवं पूज्य आर्यिका उपशममति माताजी का सड़क दुर्घटना में असामयिक देवलोकगमन हो गया। जैन संतों और साध्वीगणों की सुरक्षा हेतु कड़े नियम बनाने तथा दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सकल जैन समाज द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर व एसपी के प्रतिनिधि को सौंपा गया।

इस विरोध प्रदर्शन से पूर्व, आर्यिकाद्वय के देहावसान पर दिगंबर जैन मुनि श्री निर्णय सागरजी व क्षुल्लक श्री तत्व सागरजी महाराज के पावन सानिध्य में जीवन विलास जनकपुरा पर प्रातः ८.३० बजे एक भावभीनी विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरूआत सामूहिक णमोकार मंत्र के साथ हुई। महिला मंडल द्वारा मुनिश्री को जिनवाणी भेंट की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने दिवंगत आर्यिकाद्वय की आत्म-शांति के लिए नौ बार णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया।

सभा के समापन के पश्चात जैन समाजजन मौन रैली के रूप में घंटाघर स्थित शहर थाने पहुंचा। वहाँ सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने ज्ञापन का वाचन किया और उसे प्रशासनिक प्रतिनिधियों को सौंपा। इस दौरान संयोजक सुरेन्द्र लोढा ने भी समाजजनों को संबोधित किया। इस दौरान समाज के अशोक कुमार मारू, अरविन्द मेहता, संजय मुरड़िया, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी, अनिल जैन नगरीवाला, विजयेन्द्र फांफरिया, विनाली मेहता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंदा कोठारी ने किया तथा आभार महामंत्री शेखर कासमा ने माना।

# रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

नए सिविल अस्पताल भवन में हुई लाखों रुपयों की चोरी की गंभीर वारदात के बाद गुरुवार शाम को रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विधायक राजकुमार मेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में नए अस्पताल भवन की सुरक्षा, अन्य व्यवस्थाओं और चिकित्सा सेवाओं को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। अस्पताल परिसर में सुरक्षा और प्रबंधन की कमियों को दूर करने के लिए बुलाई गई इस बैठक में विधायक मेव के साथ एसडीएम पूर्वा मंडलोई, वरिष्ठ भाजपा नेता और समिति सदस्य सतीश मोयदे, नायब तहसीलदार संजय बावेल, बीएमओ डॉ गौर और थाना प्रभारी पंकज तिवारी, समिति सदस्य अनिरुद्ध हलवे सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।बैठक के दौरान मुख्य रूप से 7 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा की गई। हाल ही में हुई चोरी की घटना को देखते हुए अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया। नए सिविल अस्पताल भवन में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। विधायक मेव ने मरीजों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए डॉक्टरों की ड्यूटी और उनकी उपस्थिति को लेकर कड़े निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक मेव ने कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सांसद पाटील ने एनएचएआई अधिकारियों संग किया इंदौर-इच्छापुर हाईवे का निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुधवार को इंदौरझ्इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के निमार्णाधीन खातला फाटा से शाहपुर तक के हिस्से का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विस्तृत मैदानी निरीक्षण किया। करीब 50 किलोमीटर लंबे मार्ग का यह निरीक्षण लगभग चार घंटे तक चला।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, पुल निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खातला फाटा, असीरगढ़, झीरी, निम्बोला रेलवे ओवर ब्रिज, ताप्ती एवं मोहना नदी पर बन रहे पुलों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्माण कार्य तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने खातला फाटा, निम्बोला आरओबी के पास, सुखपुरी एवं उमरदा क्षेत्र में सर्विस रोड निर्माण तथा शाहपुर फाटे पर संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की। दापोरा क्षेत्र में खेतों में पानी निकासी की समस्या भी ग्रामीणों ने उठाई। सांसद पाटील ने एनएचएआई अधिकारियों को इन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ₹सड़क निर्माण के साथ-साथ किसानों और ग्रामीणों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए।₹ सांसद ने असीरगढ़ क्षेत्र में कटी घाटी में बाहर निकले पहाड़ी हिस्से को कम करने के निर्देश दिए

# विधायक ने ली विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महेश्वर

जनपद पंचायत सभागृह महेश्वर में आज क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनपद पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं आमजन के हितों को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं, इसलिए इनके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखी जाए।विधायक ने विशेष रूप से विद्युत विभाग एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था निरंतर एवं सुचारू रूप से बनाए रखी जाए। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, विभिन्न विभागों की योजनाओं की स्थिति तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में तेजी लाने एवं पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद अध्यक्ष अशोक डावर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लालसिंह पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान तेजः जावद में खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन का छापा

**नीमच।** वर्तमान भीषण गर्मी के दौर में खाद्य पदार्थ की अशुद्धता और मिलावट की वजह से कई लोग बीमारी की चपेट में आ जाते हैं ऐसे मे जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छता के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को एसडीएम जावद श्रीमती श्री प्रीति संघवी तहसीलदार जावद श्री नवीन गर्ग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा की संयुक्त टीम ने जावद शहर एवं फोरलेन केसरपुरा क्षेत्र में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत समोसा-कचौरी एवं मिठाई विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर तलने वाले खाद्य तेल, मसालों की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की जांच की गई। जिसमे पवन मिष्ठान्न, बस स्टैंड जावद से मूंगफली का तेल एवं कचौरी का नमूना लिया गया। श्री मीनाक्षी मिष्ठान, जावद से मिल्क केक एवं लस्सी का नमूना जांच हेतु लिया गया। श्री बालाजी होटल एंड ढाबा की रसोई में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण एवं संग्रहण पाया गया।

## सचिन सिहोते जिला अध्यक्ष नियुक्त

सनावद। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन कोर कमेटी की बैठक में शहर के सचिन सिहोते को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड् संजय वाल्मीकि ने बताया बैठक में नियुक्त किए गए पदाधिकारियों को सफाई कर्मचारियों व स्वच्छकार समाज की दिन प्रतिदिन बढ रही समस्याओं को हल कराने व वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए ईमानदारी व कर्मठता से कार्य करेंगे। यह नियुक्ति आगामी एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। सचिन की नियुक्ति पर यूनियन के सदस्यों ने हर्ष जताया।

## नवीन गुप्ता भाजपा जिला सोशल मीडिया विभाग के संयोजक नियुक्त

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में सोशल मीडिया की भूमिका को और मजबूत करते हुए बुधवार रात बड़ा निर्णय लिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने राजपुर निवासी नवीन गुप्ता को भाजपा जिला बड़वानी के सोशल मीडिया विभाग का जिला संयोजक नियुक्त किया है।यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देश पर की गई। इस निर्णय पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव तथा सोशल मीडिया निमाड़ संभाग प्रभारी भूपेंद्र बोडा की सहमति रही। जिला अध्यक्ष अजय यादव द्वारा बुधवार रात्रि में नियुक्ति की घोषणा करते ही पार्टी कार्यकताओं में उत्साह दिखा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नवीन गुप्ता को बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

## बिना अनुमति हरे-भरे पेड़ काटने पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**मन्दसौर।** पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करने के एक मामले में सीतामऊ एसडीएम न्यायालय ने सख्त कार्रवाई की है। उपखण्ड सीतामऊ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवानी गर्ग द्वारा आरोपी राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम लखवा, सुवासरा पर पचास हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। राजेंद्र सिंह द्वारा शासकीय भूमि सर्वे नंबर १७७ एवं निजी भूमि पर स्थित इमली, महुआ तथा बबूल सहित कई फलदार वृक्षों की बिना अनुमति अवैध कटाई की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता १९५९ की धारा २४१ के तहत यह जुमार्ना लगाया गया। एसडीएम ने आमजन से अपील की है कि वे हरे-भरे वृक्षों की सुरक्षा करें और अवैध कटाई की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

## कपास बीज की बुआई अधिक तापमान में न करे

बड़वानी। खरीफ सीजन में कपास की खेती मालवा क्षेत्र के अलावा बडवानी जिले में भी की जा रही है । गत वर्ष कपास फसल के अच्छे दाम/कीमत मिलने से जिले में इस वर्ष 80 हजार हेक्टर से अधिक क्षेत्र में कपास की बुआई करने की संभावना है । इस वर्ष कपास फसल की बुआई ॥छक्कर (सघन पौधरोपण) पद्धति से किये जाने हेतु एवं श्वरुस (लंबे रेशे वाली) किस्में उपयोग करने हेतु किसानों भाईयों को प्रेरित किया जा रहा है । साथ ही देशी कपास की किस्मो को बढावा देने के लिए कपास की देशी किस्मो के प्रदर्शन भी आयोजित किये जा रहे है ।

# ऐश्वर्या को आलिया ने नहीं किया रिप्लेस

## कांस फिल्म फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी के लिए बेटी आराध्या के साथ रवाना हुईं, एयरपोर्ट पर फैन ने रोका

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय हर साल की तरह इस साल भी कांस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं। वो हर साल लोरियल की तरफ से पहुंचती थीं, लेकिन ओपनिंग सेरेमनी में आलिया के आने से हर किसी का मानना था कि ऐश्वर्या इस साल कांस से नदारद रहेंगी। हालांकि ऐश्वर्या कांस के लिए रवाना हो चुकी हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 12 मई से शुरू हुआ है, जो 23 मई को खत्म होगा।

मुंबई एयरपोर्ट से ऐश्वर्या राय का वीडियो सामने आया है। वो बेटी के साथ कांस के लिए निकलीं। उन्होंने ऑल ब्लैक आउटफिट पहना हुआ था। वहीं आराध्या ने भी मां से ट्विनिंग की थी।

एयरपोर्ट में ऐश्वर्या एंटर कर ही रही थीं, जब एक यंग फैन ने उन्हें फोटो के लिए रोक लिया। वो लड़का पीछे की तरफ देख रहा था, तो ऐश्वर्या ने खुद उसे आगे देखने के लिए कहा, लेकिन इसके बाद उल्टा फैन ने ही ऐश्वर्या को टोककर कहा कि उसका कैमरा पीछे ही है।

इसके बाद ऐश्वर्या राय ने पीछे की तरफ ही पोज कर फैन के साथ तस्वीर क्लिक करवाई। इस दौरान एक्ट्रेस की सिक्योरिटी टीम उस लड़के को पीछे करती दिखी।





### बीते साल चर्चा में रहा कांस से ऐश्वर्या का लुक

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था।

कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।





### आलिया कान्स 2026 में लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं

तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। वे फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।



# सबसे मंहगे बिकेंगे रामायण के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स

## सिर्फ हिंदी रिलीज के लिए 450 करोड़ रुपए की मांग, डिस्ट्रीब्यूटर्स परेशान, किंग का टूट सकता है रिकॉर्ड

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की मल्टीस्टारर फिल्म रामायण कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ने की कगार में है। फिल्म पहले ही 700 करोड़ रुपए की ओटीटी डील ठुकरा चुकी है, जिसके बाद अब रिपोर्ट्स हैं कि इस पैन इंडिया फिल्म के सिर्फ हिंदी डिस्ट्रीब्यूशन के राइट्स की डील 450 करोड़ में की जा रही है।

वैराइटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म रामायण के हिंदी वर्जन के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए फिल्म के प्रोड्यूसर्स 450 करोड़ रुपए की मांग कर रहे हैं। जबकि अब तक सबसे मंहगे डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग के 250 करोड़ में बिके हैं। अगर ये फिल्म 450 की बजाए 300 करोड़ तक में भी डील करती है, तो ये बॉलीवुड के इतिहास की सबसे बड़ी डिस्ट्रीब्यूशन डील बन जाएगी।

रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि अनिल थडाणी और जयंतीलाल गडा जैसे कुछ डिस्ट्रीब्यूटर्स का मानना है कि 450 करोड़ एक फिल्म के सिर्फ हिंदी डिस्ट्रीब्यूशन के लेना एक बड़ी कीमत है। उन्होंने निमार्ताओं को इसमें कटौती करने पर विचार करने की सलाह दी है। हालांकि फिल्म के मेकर्स को फिल्म की सक्सेस पर पूरा भरासो है और वो इस रकम पर अड़े हुए हैं।

## पंजाबी सिंगर इंदर कौर के लुधियाना में हुए मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ

# इंदर को 2 गोलियां मारीं, एक छाती के आर-पार, दूसरी कनपटी में घुसी

पंजाबी सिंगर इंदर कौर के लुधियाना में हुए मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। शव का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ये सामने आया है कि सिंगर के दो गोलियां लगी है। एक गोली उसकी छाती के दाहिनी तरफ आर पार हुई है और दूसरी गोली माथे में फंसी मिली।

सिंगर का लुधियाना में डॉक्टरों के बोर्ड के जरिए पोस्टमॉर्टम कराया गया है। इसमें फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. करन, डॉक्टर विशाल चोपड़ा और डॉक्टर मनदीप को शामिल किया गया था। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद इंदर कौर का लुधियाना में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनकी नानी बेहोश हो गई। परिवार के बाकी लोग भी जोर-जोर से रोते दिखाई दिए।





**आरोपी एनआरआई के वकील बोले- ये कत्ल नहीं सुसाइड-** कत्ल के आरोपी एनआरआई सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खी बराड़ के वकील का दावा है कि यह कत्ल नहीं सुसाइड है। सुक्खी के अकाउंट से इंदर को 60-70 लाख की ट्रांजेक्शन भी हुई है। सुक्खी परिवार की फोटो इंस्टाग्राम पर डालता था, ऐसे में इंदर को कैसे पता नहीं था कि वह शादीशुदा है। सुक्खी पंजाब आया था, इसका भी किसी के पास कोई सबूत नहीं है।

वकील ने सुक्खी के पिता को केस में नामजद करने को भी गलत करार देते हुए पुलिस की जांच थ्योरी और इंदर के परिवार के आरोपों पर कई सवाल खड़े किए। वकील का दावा है कि इसी वजह से कोर्ट ने आरोपियों का 5 दिन के बजाय एक ही दिन का रिमांड दिया। इंदर की लाश 19 मई को लुधियाना की नीलो नहर से मिली थी। जिसके बाद कार भी कुछ किमी दूर बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में सुक्खी, उसके पिता व 2 दोस्तों पर कत्ल केस दर्ज किया है। जिसमें सुक्खी के पिता प्रीतम सिंह व 2 दोस्त गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। पुलिस का कहना था कि सुक्खी जबरन इंदर से शादी करना चाहता था लेकिन सुक्खी के पहले से शादीशुदा होने की वजह से उसने इनकार कर दिया था।

### सुक्खी बराड़ के वकील ने केस को लेकर कही अहम बातें:

- **गोली जांच का विषय, कार से खून मिलना कत्ल नहीं बताता:** सुक्खी बराड़ के वकील इश्वरजोत ने कहा- इंदर कौर की हत्या हुई या सुसाइड, यह जांच का हिस्सा है। इंदर को गोली लगी है या नहीं, यह अभी जांच का विषय है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही यह खुलासा होगा। कार में से खून के धब्बे मिलना यह डिसाइड नहीं करता की इंदर कौर की हत्या हुई है। गाड़ी अगर नहर में गिर गई होगी तो ये हादसा भी हो सकता है।
- **पुलिस ने कोर्ट में कहा- गनशॉट के निशान नहीं:** एडवोकेट ने कहा- पिछली बार रिमांड लेने के समय पुलिस ने कहा था कि हमें गाड़ी में से खून के धब्बे मिले है। कोर्ट ने पूछा था कि क्या कोई गनशॉट के निशान आदि मिले तो पुलिस ने मना किया। तब भी कोर्ट ने पूछा कि यदि गन का कुछ मिला नहीं तो सेक्शन 25, 27 आर्म्स एक्ट में कैसे लगा दिया। पुलिस के पास कोई जवाब नहीं था।
- **सुक्खी- इंदर रिलेशन में थे, ताली एक हाथ से नहीं बजती:** सुक्खी बराड़ और इंदर कौर पहले से रिलेशन में थे। यदि कोई इंस्टाग्राम आदि पर परिवार के साथ फोटो पोस्ट करता है तो पता चल ही जाता है कि उसका क्या स्टेटस है। इंदर कौर के साथ सुखविंदर की अच्छी बनती थी। ताली कभी एक हाथ से नहीं बजती। सुक्खी के खातों से लाखों रुपए की ट्रांजेक्शन हुई। हमारे पास सबूत हैं। हम जल्द सबके आगे रखेंगे।
- **हमने रेड कराई तो पिता को अरेस्ट दिखाया:** एडवोकेट इश्वरजोत ने कहा कि सुक्खी के पिता सेना से रिटायर्ड हैं। पुलिस ने उनका नाम इस केस से जोड़ा और 12 घंटे अवैध हिरासत में रखा। हमने हाईकोर्ट में रिट डालकर रेड कराई। इसके बाद पुलिस ने अगले दिन ही शाम को उनकी अरेस्ट डिसक्लोज कर दी। पैसे हड़पने के लिए सुखविंदर व उसके पिता को फंसाने की साजिश रची गई।
- **सुक्खी भारत आया, इसका पिता को भी नहीं पता:** एडवोकेट ने दावा किया कि सुक्खी भारत आया था, इसके बारे में पिता को पता ही नहीं है। वह वहां मौजूद भी नहीं थे, जहां इंदर की हत्या का दावा किया जा रहा है। इंदर के परिवार के पास भी इसका कोई सबूत नहीं है। उन्हें और पुलिस को ये प्रूफ करना होगा।

### आईपीएल 2026 के 67वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हराया

# हैदराबाद ने एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाए

## कोहली की टी-20 में 211वीं बार फिफ्टी पार्टनरशिप, कोहली-हेड के बीच नोंकझोंक, विराट ने हाथ नहीं मिलाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 67वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हरा दिया। मैच में कई मोमेंट्स और रिकॉर्ड्स देखने को मिले। विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा 211वीं बार फिफ्टी पार्टनरशिप में शामिल रहे।

हैदराबाद ने इस सीजन सबसे ज्यादा 9वीं बार 200+ स्कोर बनाया। मैच के बाद विराट कोहली और ट्रैविस हेड ने हाथ नहीं मिलाया।



- **कोहली 211वीं बार फिफ्टी पार्टनरशिप में शामिल रहे-** कोहली ने हैदराबाद के खिलाफ 211वीं बार टी-20 में फिफ्टी पार्टनरशिप की। उन्होंने राजीव गांधी स्टेडियम में वेंकटेश अय्यर के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। वे टी-20 में सबसे ज्यादा बार फिफ्टी रन की साझेदारी का हिस्सा बनने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 साझेदारी है।
- **एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 200+ रन बनाने वाली टीम बनी-** हैदराबाद आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर करने वाली टीम बन गई। टीम ने बेंगलुरु के खिलाफ 4 विकेट खोकर 255 रन बनाए, जो इस सीजन टीम का नौवां 200+ स्कोर है। इससे पहले ये रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम था, जिन्होंने 2025 में 8 बार यह कारनामा किया था।
- **भुवनेश्वर सबसे ज्यादा बार 50+ रन देने वाले गेंदबाज बने-** भुवनेश्वर आईपीएल में संयुक्त रुप से सबसे ज्यादा बार एक स्पेल (4 ओवर) में 50+ रन देने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद शमी बराबरी की, जिन्होंने 9 बार पचास से ज्यादा रन दिए हैं। भुवनेश्वर ने हैदराबाद के खिलाफ 51 रन दिए। इस लिस्ट में मोहम्मद सिराज 8 बार के साथ तीसरे नंबर पर हैं।
- **क्लासन ने मिडिल ऑर्डर में एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाए-** क्लासन ने आईपीएल के एक सीजन में नंबर 4 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हुए 606 रन बनाए हैं। उन्होंने ऋषभ पंत को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2018 में 579 रन बनाए थे।
- **हैदराबाद ने आईपीएल में छठवीं बार 250+ का स्कोर बनाया-** हैदराबाद ने शुक्रवार को छठवीं बार 250 या उससे रन का स्कोर खड़ा किया। वह सबसे ज्यादा बार यह आंकड़ा पार करने वाली टीम है। इस लिस्ट में पंजाब और बेंगलुरु संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 3-3 बार यह कारनामा किया है।
- **अभिषेक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे भारतीय-** अभिषेक एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ 5 सिक्स लगाए। अभिषेक ने इस सीजन 43 छक्के लगाते हुए खुद को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2024 में 42 सिक्स लगाए थे। इस लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने इस सीजन 53 छक्के जड़े हैं।
- **नंबर-4 या नीचे बैटिंग करते हुए क्लासेन ने 6वीं फिफ्टी लगाई-** क्लासेन ने इस सीजन नंबर 4 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए छठवीं बार 50+ का स्कोर बनाया। उन्होंने बेंगलुरू के खिलाफ 51 रन बनाए। उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा बार ऐसा करने वाले ऋषभ पंत और ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी की। पंत ने 2018 और मैक्सवेल ने 2021 में 6 फिफ्टी लगाई थी।
- **पहली 2 गेंद पर सिक्स लगाने वाले टीम के तीसरे बल्लेबाज-** नीतीश ने बेंगलुरु के खिलाफ अपनी पहली 2 गेंदों पर लगातार 2 छक्के लगाए। वे हैदराबाद के लिए पारी की पहली 2 गेंदों पर सिक्स लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले राशिद खान ने 2018 और पैट कमिंस ने 2025 में यह कारनामा किया था।
- **बेंगुलरु के 3 गेंदबाज ने 50+ रन दिए-** बेंगलुरु के 3 गेंदबाजों ने मैच में 50 या उससे ज्यादा रन दिए। एक मैच में सबसे ज्यादा 50+ रन देने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में नंबर एक पर बेंगलुरु ही है। 2024 में बेंगलुरु के 4 गेंदबाजों ने एक मैच में फिफ्टी का आंकड़ा छुआ था। दिल्ली (2024) और राजस्थान (2024) के 3 गेंदबाजों ने पचास से ज्यादा रन दिए। सभी मौकों पर विरोधी टीम हैदराबाद थी।
- **ईशान ने बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथी फिफ्टी लगाई-** ईशान किशन ने बेंगलुरु के खिलाफ 2024 से 2026 तक लगातार चौथी फिफ्टी लगाई। उन्होंने शुक्रवार को 79 रन की पारी खेली। वे बेंगलुरु के खिलाफ यह कारनामा करने वाले न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 2014 से 2016 के बीच लगातार 7 फिफ्टी लगाई।
- **अभिषेक शर्मा ने सिक्स लगाकर खाता खोला-** बेंगलुरु के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने सिक्स लगाकर अपना खाता खोला। उन्होंने मैच के पहले ओवर में भुवनेश्वर की पांचवी गेंद को लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से छक्का जड़ दिया। यह पारी का उनका पहला रन था।
- **वेंकटेश ने अभिषेक का कैच छोड़ा-** हैदराबाद की पारी के छठवें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने अभिषेक का कैच छोड़ दिया। ओवर की चौथी गेंद रसिख सलाम डार ने शॉर्ट-लेंथ डाली। अभिषेक ने उसपर फ्लैट पुल शॉट खेला, लेकिन गेंद डीप स्क्वायर लेग पर पर खड़े वेंकटेश की ओर गई। उन्होंने दाईं ओर भागते हुए कैच लपकने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से छिटक गया।
- **कोहली-हेड के बीच नोंकझोंक, मैच के बाद हाथ नहीं मिलाया-** बेंगलुरु की पारी में पावरप्ले के दौरान कोहली और ट्रैविस हेड के बीच किसी बात को लेकर नोंक-झोंक हुई। इसके बाद कोहली ने मैच के बाद हेड से हैंडशेक भी नहीं किया। जब कोहली, हेड के पास पहुंचे, तो हेड ने हाथ आगे बढ़ाया, लेकिन कोहली एकदम से आगे निकल गए।

### आईपीएल में आज लखनऊ-पंजाब

# प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने उतरेगी पंजाब



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ**

आईपीएल में शनिवार को पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। पंजाब के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। पहले हाफ में 7 में से 6 मैच जीतने वाली टीम लगातार 6 मुकाबले हार चुकी है।

पंजाब को लखनऊ के खिलाफ जीत के बाद रविवार के अन्य मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। दूसरी तरफ, लखनऊ पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है।

**आईपीएल में दोनों टीमें 8वीं बार भिड़ेंगी-** आईपीएल में दोनों टीमें 7 बार भिड़ चुकी हैं। लखनऊ ने 3 और पंजाब ने 4 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा। इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने होंगी। पहले मुकाबले में पंजाब ने अपने होमग्राउंड पर लखनऊ को हराया था।

**पंत और पूरन से बड़ी पारी की उम्मीद-** लखनऊ के लिए सबसे बड़ी राहत मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस की शानदार फॉर्म है। पिछले मैच में दोनों ने 8.2 ओवरों में 109 रन की साझेदारी की थी। निकोलस पूरन पिछले 4 मैचों में केवल 87 रन बना सके हैं और फॉर्म में वापसी करना चाहेंगे। कप्तान ऋषभ पंत के बल्ले से इस सीजन केवल एक अर्धशतक निकला है। पंत आखिरी मैच में बड़ी पारी खेलकर सीजन खत्म करना चाहेंगे। गेंदबाजी में यह देखना दिलचस्प होगा कि मोहम्मद शमी की टीम में वापसी होती है या नहीं। मिचेल मार्श 13 मैचों में 563 रन बनाकर टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। प्रिंस यादव 13 मैचों में 16 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









परिवहन यूनियनों की हड़ताल

## दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन नहीं घूमेंगे ट्रकों के पहिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और दिल्ली सरकार की नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के नेतृत्व में दिल्ली-एनसीआर की 68 से अधिक परिवहन एसोसिएशनों और यूनियनों ने तीन दिवसीय चक्का जाम का एलान किया है। संगठनों का आरोप है कि पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) में भारी बढ़ोतरी और बीएस-4 कमर्शियल वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंध से परिवहन उद्योग पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

एआईएमटीसी के प्रमुख डॉ. हरीश सभ्रवाल ने कहा कि दिल्ली आने वाले मालवाहक वाहनों पर बिना किसी भेदभाव के ईसीसी बढ़ाया गया है। हल्के कमर्शियल वाहनों पर यह शुल्क करीब 1400 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये और भारी ट्रकों पर 2600 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये कर दिया गया है। संगठन का दावा है कि यह बढ़ोतरी 40 से 55 प्रतिशत तक है, जिससे ट्रांसपोर्ट कारोबार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। ट्रांसपोर्ट संगठनों का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय का मूल उद्देश्य केवल उन ट्रांजिट वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से रोकना था, जो राजधानी को कॉरिडोर की तरह इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अब आवश्यक वस्तुएं लेकर आने वाले और दिल्ली में लोडिंग के लिए खाली प्रवेश करने वाले वाहनों पर भी ईसीसी लगाया जा रहा है, जिन्हें पहले छूट प्राप्त थी। संगठनों ने बीएस-4 वाहनों पर भी ईसीसी लगाए जाने का विरोध किया है। उनका कहना है कि ये वाहन नवीनतम उत्सर्जन मानकों का पालन करते हैं और ग्रेप-4 के दौरान भी इन्हें संचालन की अनुमति दी जाती है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए

# सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ का लाभांश दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का एलान किया है। यह वित्तीय सहायता भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। जानें आरबीआई के इस बड़े फैसले का महत्व और पिछले वर्षों के आंकड़े।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा की है। यह बड़ा वित्तीय हस्तांतरण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच सरकार को महत्वपूर्ण आर्थिक मदद देगा। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

यह लाभांश पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये के अधिशेष हस्तांतरण से 27.4 फीसदी अधिक है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह राशि 87,416 करोड़ रुपये थी। लाभांश भुगतान का यह महत्वपूर्ण निर्णय आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। आरबीआई ने अपने बयान में बताया कि जोखिम प्रावधान और सांविधिक निधियों में हस्तांतरण से पहले शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 3,13,455.77 करोड़ रुपये थी। केंद्रीय बैंक की आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

**केंद्रीय बैंक की वित्तीय स्थिति-** केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 फीसदी बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई है। यह वृद्धि आरबीआई की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाती है। बैंक की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे सरकार को अधिक अधिशेष (लाभांश) देना संभव हो पाया है। यह देश की वित्तीय स्थिरता के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

**सरकार को मिलेगी बड़ी राहत-** सरकार को यह रिकॉर्ड लाभांश ऐसे समय में मिला है जब उसे विभिन्न विकास परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की आवश्यकता है। यह राशि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकती है। भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में आरबीआई का यह कदम सरकार के लिए एक बड़ी राहत है। इससे सरकार को अपनी वित्तीय नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी।




### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 81,590 करोड़ रुपये की तरलता भी डाली

- भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में 81,590 करोड़ रुपये की अस्थायी तरलता भी डाली। यह राशि तीन दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो नीलामी के माध्यम से जारी की गई। इस कदम का उद्देश्य वित्तीय प्रणाली में नकदी प्रवाह के अस्थायी उतार-चढ़ाव को प्रबंधित करना है।
- आरबीआई ने बताया कि यह धन 5.26 फीसदी की कट-ऑफ दर पर उपलब्ध कराया गया। हालांकि, बैंकिंग प्रणाली में तरलता अधिशेष में तेज गिरावट के बावजूद, धन की मांग अधिसूचित 1 लाख करोड़ रुपये की राशि से कम रही। फिर भी, 21 मई को हुई पिछली नीलामी की तुलना में शुक्रवार की नीलामी में बैंकों से मांग अधिक दर्ज की गई। 21 मई को बैंकिंग प्रणाली में तरलता अधिशेष लगभग 58,876.29 करोड़ रुपये अनुमानित था।
- यह 20 मई को रहे 1.51 लाख करोड़ रुपये के अधिशेष से काफी कम है। तरलता अधिशेष में इस कमी के कारण रातोंरात कॉल मनी दरों में तेज वृद्धि हुई है। यह स्थिति वित्तीय बाजारों के लिए चिंता का विषय बन गई थी। इस अस्थिरता को नियंत्रित करना केंद्रीय बैंक के लिए महत्वपूर्ण है। मुद्रा बाजार विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे हैं कि आरबीआई बदलती तरलता स्थितियों को प्रबंधित करने के लिए एक और वीआरआर नीलामी की घोषणा करेगा।

बातचीत के बाद फैसला

## एसबीआई कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल टली




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल टल गई है। बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के बीच मुंबई में हुई सकारात्मक बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया। कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों पर प्रगति हुई है।

भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों की 25 और 26 मई को प्रस्तावित दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल टाल दी गई है। यह निर्णय बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच मुंबई में हुई सकारात्मक बातचीत के बाद लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार, 22 मई को इस बात की जानकारी दी। इस बैठक में कर्मचारियों की कई प्रमुख मांगों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिससे बैंक सेवाओं के प्रभावित होने की आशंका समाप्त हो गई।

अखिल भारतीय एसबीआई स्टाफ महासंघ ने इस महीने की शुरुआत में हड़ताल का आह्वान किया था। यह आह्वान कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों के एक विस्तृत चार्टर को लेकर किया गया था। इन मांगों में विभिन्न कर्मचारी कल्याण और परिचालन संबंधी मुद्दे शामिल थे। एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन, बंगाल सर्किल के सचिव सुदीप दत्ता ने बताया कि प्रबंधन के साथ हुई बैठक काफी सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि महासंघ द्वारा उठाई गई कई मांगों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इन ताजा घटनाक्रमों को देखते हुए प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। यह समझौता लाखों बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए राहत लेकर आया है। महासंघ की 16 सूत्रीय मांगों में संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती प्रमुख थी। कर्मचारियों ने बैंक में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की भी मांग की थी। इसके साथ ही, स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग रोकने पर भी विशेष जोर दिया गया था। कर्मचारियों का मानना था कि आउटसोर्सिंग से उनकी नौकरी की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात के कारण

# वित्त वर्ष में भारत का खाद्य तेल आयात 3% बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत का खाद्य तेल आयात वित्त वर्ष 2026 में 3 फीसदी बढ़कर 166.51 लाख टन हो गया, जिसमें नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात की बड़ी भूमिका रही। घरेलू उत्पादन केवल 40 फीसदी मांग पूरी करता है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का खाद्य तेल आयात 3 फीसदी बढ़कर 166.51 लाख टन हो गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात में तेज उछाल के कारण हुई है। पिछले वित्त वर्ष में यह आयात 161.82 लाख टन था।

दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) समझौते के तहत नेपाल को भारतीय बाजारों तक शून्य-शुल्क पहुंच प्राप्त है। इस वर्ष नेपाल ने भारत को 7.36 लाख टन खाद्य तेल का निर्यात किया, जो पिछले वित्त वर्ष के 3.45 लाख टन से 113 फीसदी अधिक है। नेपाल के निर्यात में परिष्कृत सोयाबीन तेल की प्रमुख हिस्सेदारी थी, साथ ही सूरजमुखी तेल, आरबीडी पामोलिन और रेपसीड तेल भी शामिल थे।

एसईए ने कहा कि नेपाल से परिष्कृत तेलों के शुल्क-मुक्त आयात में वृद्धि ने भारत के कुल खाद्य तेल आयात को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगठन ने बताया कि साफ्टा व्यवस्था के बिना, बढ़ती घरेलू मांग के बावजूद कुल आयात पिछले वर्ष के स्तर से कम रह सकता था। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि और रुपये के कमजोर होने से आयात लागत भी बढ़ी है। भारत अभी भी विदेशी आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर है।



### घरेलू उत्पादन की चुनौतियां

एसईए के अनुसार, कम तिलहन उपज, खंडित भूमि जोत, सीमित सिंचाई और गेहूं तथा चावल की खेती की ओर नीतिगत झुकाव ने घरेलू उत्पादन वृद्धि को बाधित किया है।

भारत अपनी कुल खाद्य तेल आवश्यकताओं का लगभग 40 फीसदी ही घरेलू स्तर पर पूरा कर पाता है।

संगठन ने तिलहन उत्पादकता बढ़ाने और घरेलू मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। इससे दीर्घकालिक आयात निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी।

एसईए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने उपभोक्ताओं से खाद्य तेल की खपत को संयमित करने का आग्रह किया था। संगठन ने कहा कि अत्यधिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ-साथ घरेलू उत्पादन बढ़ाने से आयात निर्भरता कम होगी। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव भी कम होगा। भारत को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

क्रूड के आयात में 50% का भारी उछाल

## होर्मुज संकट के बीच भारत का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना वेनेजुएला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने और मध्य पूर्व संकट के बीच वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। मई में तेल आयात 50% बढ़ा। ऊर्जा संकट और कूटनीतिक कदमों से जुड़ी पूरी बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।

ईरान पर अमेरिका-इस्राइल युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत के लिए वेनेजुएला एक प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। सप्लाई चेन के बुरी तरह चरमराने के कारण भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए तेजी से नए विकल्प तलाशने पड़े हैं। नतीजतन, मई महीने में वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है।

**होर्मुज संकट के कारण भारत की सप्लाई चेन पर क्या असर-** भारत अपने कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए मंगाता है। लेकिन ईरान के आसपास संघर्ष तेज होने के कारण यह संकरा समुद्री मार्ग अब बाधित है। अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के कारण इस महीने ईरान से कोई भी कार्गो भारत नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही, भारत के पूर्व तीसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब से भी आपूर्ति लगभग आधी हो गई है, जो अप्रैल के 6,70,000 बैरल प्रतिदिन (स्त्रा) से गिरकर मई में लगभग 3,40,000 त्रा रह गई है। समुद्री सुरक्षा एक बड़ी चिंता बन गई है; क्षेत्र में 13 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं और ओमान के तट के पास संदिग्ध ड्रोन या मिसाइल हमले के बाद एक भारतीय मालवाहक जहाज डूब गया है।

**वेनेजुएला से तेल आयात में कितना इजाफा हुआ-** आपूर्ति में इस भारी रुकावट ने वेनेजुएला के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे खोल दिए हैं। एनर्जी ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, अप्रैल की तुलना में मई में वेनेजुएला से भारत आने वाले शिपमेंट में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## ट्विशा अकेली नहीं, एमपी में रोज एक महिला की मौतः दहेज हत्या में एमपी तीसरे नंबर पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ट्विशा को न्याय दिलाने लोग इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगा रहे हैं। आर्मी से रिटायर्ड लोग रैली निकाल रहे हैं। ट्विशा की मौत क्यों हुई, कैसे हुई, यह अभी किसी को नहीं पता। ससुराल पक्ष उसे नशा करने वाला बता रहा है, जबकि मायके पक्ष का कहना है कि हमने स्कॉर्पियो दी थी, लेकिन उन्हें फॉर्च्यूनर चाहिए थी।

मामला अभी कोर्ट में है। ट्विशा के पिता जबलपुर कोर्ट में न्याय की मांग करने पहुंचे हैं। परिजनों ने न्याय मिलने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह पहला मामला है, जिसमें किसी महिला ने आत्महत्या की हो? तो सच्चाई इस सवाल से कहीं ज्यादा डरावनी है। एमपी में हर रोज एक महिला दहेज के कारण अपनी जान गंवा रही है। एनसीआरबी की ह्यक्राइम इन इंडिया 2024ह्न रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में प्रदेश की 450 महिलाओं की जान दहेज न देने या कम दहेज देने के कारण गई।

### छिंदवाड़ा की युवती की संदिग्ध मौत

छिंदवाड़ा की रहने वाली एक युवती ने 22 फरवरी 2022 को प्रेम विवाह किया था। परिवार को उम्मीद थी कि बेटी अपनी पसंद से शादी कर खुश रहेगी, लेकिन कुछ समय बाद ही उसने अपने पिता को बताया कि ससुराल वाले उसे मारते-पीटते हैं और प्रताड़ित करते हैं। 2023 में वह आखिरी बार अपने पिता से मिली थी। इसके बाद परिवार का उससे संपर्क कम हो गया। 6 अप्रैल 2024 को सुबह करीब 11 बजे परिवार को अस्पताल से फोन आया कि उनकी बेटी का इलाज चल रहा है। जब पिता दोपहर करीब 4 बजे अस्पताल पहुंचे तो बेटी मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि उन्हें बेटी को नागपुर ले जाने की भी जानकारी नहीं दी गई। पिता का कहना है कि जब उन्होंने ससुराल पक्ष को फोन किया तो किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। परिवार को शक है कि युवती को जहर देकर मार दिया गया।

### शिर्डी में 3 हजार करोड़ से बन रहा डिफेंस हब

# डिफेंस ड्रोन और सूर्यास्त्र मिसाइल के हार्डवेयर बनाने की तैयारी, राजनाथ सिंह आज उद्घाटन करेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शिर्डी साई मंदिर से करीब 12 किलोमीटर दूर राज्य कृ?षि विकास निगम की बंजर जमीन



पर तेजी से शिर्डी डिफेंस कॉम्प्लेक्स आकार ले रहा है। यहां सड़कों का काम पूरा हो चुका है।

बड़े-बड़े डोम खड़े हैं और इंडियन आर्मी, नेवी, एयरफोर्स से जुड़ी सरकारी-निजी कंपनियों के 100 से ज्यादा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में शनिवार को इस डिफेंस क्लस्टर का उद्घाटन होना है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ग्लोब फोर्ज ने इस कॉम्प्लेक्स के लिए 3 हजार करोड़ रुपए निवेश की बात कही है।



### 200 एकड़ में 6 डोम, तोप के गोले से ड्रोन तक

कॉम्प्लेक्स 200 एकड़ में फैला है। यहां आधा-आधा किलोमीटर के 6 बड़े डोम तैयार हैं। कंपनी के मुताबिक सालाना 5 लाख तोप के गोले बनाने के लिए 2 असेंबली लाइनें लगाई जा रही हैं। साथ ही डिफेंस ड्रोन और आरडीएक्स से जुड़े प्रोजेक्ट्स भी खड़े किए जा रहे हैं। ग्लोब फोर्ज के एम.डी. गणेश निबे का कहना है कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता नीति से एमएसएमई को बड़े मौके मिल रहे हैं।

### महाराष्ट्र में डिफेंस क्लस्टर्स का बड़ा प्लान

ग्लोब फोर्ज पूरे जिलें में 10 हजार करोड़ रु. का निवेश करने का दावा कर रहा है। औद्योगिक विकास अधिकारी गणेश राठौड़ के मुताबिक समृद्धि महामार्ग, शिरडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल, जमीन-पानी की उपलब्धता के चलते सरकार शिर्डी डिफेंस क्लस्टर को स्ट्रैटेजिक लोकेशन के तौर पर विकसित कर रही है। दावा है कि इससे 2,000 प्रत्यक्ष और 5,000 अप्रत्यक्ष रोजगार बनेंगे।

इस क्लस्टर में टॉरल इंडिया और ब्राजील की अकाएर जैसी कंपनियों ने भी प्लांट शुरू करने की संभावनाएं तलाशने के लिए सर्वे शुरू किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से समृद्धि महामार्ग के आसपास चाकन, मिहान, नाशिक एचएएल, शिर्डी, सुपे, श्रीगोंदा और छत्रपति संभाजीनगर को जोड़कर डिफेंस इकोसिस्टम खड़ा करने की योजना को तेज किया जा रहा है। इलाके में इसे भक्ति और शक्ति के संगम के रूप में देखा जा रहा है। इसी साल जनवरी में निबे ऑर्डिनेंस के साथ स्वदेशी मिसाइल सूर्यास्त्र के निर्माण के लिए इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट समझौता हुआ। निबे ने इजराइल की एल्बिट कंपनी के साथ तकनीकी साझेदारी कर सूर्यास्त्र तैयार की है, जिसका हाल में ओडिशा में सफल परीक्षण हुआ।

### इजराइल की कंपनी के साथ तकनीकी साझेदारी



इसी साल जनवरी में ह्यनिबे ऑर्डिनेंसह्न के साथ स्वदेशी मिसाइल ह्यसूर्यास्त्रह्न के निर्माण के लिए ह्यइमरजेंसी प्रोक्योरमेंटह्न समझौता हुआ। निबे ने इजराइल की एल्बिट कंपनी के साथ तकनीकी साझेदारी कर ह्यसूर्यास्त्रह्न तैयार की है, जिसका हाल में ओडिशा में सफल परीक्षण हुआ। अब इस मिसाइल का हार्डवेयर शिर्डी के इसी डिफेंस कॉम्प्लेक्स में बनाने की तैयारी है।

### 10 दिन में तीसरी बार बढ़े दाम, मिडिल ईस्ट संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल

# देश में पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 पर पहुंच गए हैं।

### 10 दिन में तीसरी बार बढ़ीं कीमतें

यह 10 दिन में ईंधन की कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले इसी हफ्ते पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं, उसके कुछ दिन पहले भी कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया गया था।

**मालभाड़ा बढ़ेगा:** ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे।

**खेती की लागत:** ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी।

**बस-ऑटो का किराया:** सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है।




### कीमतों में कई तरह के टैक्स और खर्च जुड़ते हैं

1. कच्चे तेल की कीमत (बेस प्राइस): भारत अपनी जरूरत का करीब 90% क्रूड विदेशों से आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए बैरल के हिसाब से प्रति लीटर तेल की कीमत तय होती है। 2. रिफाइनिंग और कंपनियों का चार्ज: कच्चे तेल को देश की रिफाइनरियों में साफ करके पेट्रोल-डीजल बनाया जाता है। इसमें रिफाइनिंग लागत और कंपनियों का मार्जिन शामिल होता है। 3. केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी: रिफाइनरी से निकलने के बाद केंद्र सरकार इस पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) और रोड सेस लगाती है। यह देशभर में सभी राज्यों के लिए समान होती है। 4. डीलर कमीशन: तेल कंपनियां जिस रेट पर पेट्रोल पंप मालिकों (डीलर्स) को ईंधन बेचती हैं, उसमें डीलर्स का अपना निश्चित कमीशन जोड़ा जाता है, जो पेट्रोल और डीजल के लिए अलग-अलग होता है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी?

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।

क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### बेस प्राइस से चार गुना तक बढ़ जाती है कीमत

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां 'डेली प्राइस रिवीजन' यानी डायनेमिक प्राइसिंग सिस्टम के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं।

## पहलगाम हमला लश्कर के आतंकी साजिद जट्ट ने कराया था

### आतंकियों ने हमले से पहले खाना खाया, बाद में हर्ष फायर किए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। पाकिस्तान के कसूर (लाहौर) में बैठा साजिद जट्ट ही मुख्य हैंडलर था। उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा, उन्हें रियल टाइम में निर्देश दिए और हमले वाली जगह बैसरन घाटी की लोकेशन भेजी। हमले के दौरान भी वह लगातार उनसे बात कर रहा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। 2005 में वह सीमा पार कर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। 15 दिसंबर, 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं।

### यूएई बोला- अमेरिका अब ईरान पर हमला न करे

# वरना जंग सबको महंगी पड़ेगी; पाकिस्तानी आर्मी चीफ जंग खत्म कराने की कोशिश में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

संयुक्त अरब अमीरात ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ईरान पर दोबारा सैन्य कार्रवाई न करने की अपील की है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, वअए ने ट्रम्प से कहा है कि युद्ध की जगह कूटनीति को मौका दिया जाए।

यूएई ने ट्रम्प से बातचीत में कहा कि ईरान पर हमला कर अमेरिका अपने मकसदों को हासिल नहीं कर पाएगा। उल्टा उससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव और आर्थिक संकट बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएई का रुख पहले की तुलना में बदला हुआ दिख रहा है।

इससे पहले यूएई ईरान के खिलाफ ज्यादा सख्त रुख अपनाता रहा था। हालिया युद्ध के दौरान भारी नुकसान झेलने के बाद अब अबू धाबी खुलकर तनाव कम करने की बात कर रहा है। इससे पहले सऊदी अरब और कतर भी ट्रम्प से ऐसी अपील कर चुके हैं।

हालांकि तीनों खाड़ी देशों के बीच इस बात पर मतभेद हैं कि अमेरिका को ईरान के साथ किस तरह का समझौता करना चाहिए और तेहरान पर कितना दबाव बनाना चाहिए। लेकिन सभी देश इस बात से सहमत हैं कि युद्ध दोबारा नहीं होना चाहिए। इस बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर शुक्रवार को तेहरान रवाना हो गए। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की संभावना बढ़ती दिख रही है।

**1. होर्मुज बंद कराने वालों पर प्रतिबंध लगाएगा:** एव ने ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। ये प्रतिबंध उन ईरानी अधिकारियों और लोगों पर लगाए जा सकते हैं, जिन्हें होर्मुज स्ट्रेट बंद कराने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

**2. होर्मुज खोलने के लिए फ्रांस का नया प्लान:** फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक नया प्रस्ताव तैयार किया है, जिसका मकसद होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय मिशन तैनात कर जहाजों की आवाजाही बहाल करना है।

**3. समझौते की संभावना 50-50:** यूएई के राष्ट्रपति सलाहकार अनवर गरगाश ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की संभावना अभी 50-50 है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फिर से संघर्ष बढ़ता है तो इससे पूरे मिडिल ईस्ट में अस्थिरता बढ़ेगी।

**4. कतर की टीम ईरान पहुंची: रॉयटर्स** के मुताबिक ईरान से जंग खत्म करने पर बातचीत के लिए अमेरिका की तरफ से कतर की एक टीम शुक्रवार को तेहरान पहुंची है।

**5. होर्मुज से 35 जहाज गुजरे:** ईरान ने दावा किया है कि उसकी नौसेना की निगरानी में पिछले 24 घंटों में 35 जहाज सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे।

### होर्मुज बंद होने से ईरानी लोगों की मुश्किलें बढ़ी

होर्मुज बंद होने का असर अब ईरान के आम लोगों पर भी दिखने लगा है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बहुत अहम माना जाता है। दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल और गैस इसी रास्ते से जाता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के बंदर अब्बास शहर में रहने वाले लोगों की राय अलग-अलग है। कुछ लोगों का कहना है कि होर्मुज बंद करने से ईरान को अमेरिका के खिलाफ मजबूती मिलेगी। लेकिन कई लोग इससे हो रही परेशानी से परेशान हैं। बंदरगाह पर काम करने वाले कई मजदूरों का काम बंद हो गया है। बाजार में भी कारोबार काफी कम हो गया है।





### अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम की तैयारी

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहे तनाव को खत्म करने के लिए एक नई डील का मसौदा तैयार किया गया है। खबरों के मुताबिक, इस समझौते के जरिए दोनों देशों के बीच चरणबद्ध तरीके से युद्धविराम लागू किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए कदम उठाए। वहीं ईरान चाहता है कि उस पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध धीरे-धीरे हटाए जाएं। बताया जा रहा है कि इस समझौते में सबसे पहले दोनों देशों के बीच शांति वार्ता शुरू होगी। इसके बाद नागरिकों, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर सहमति बनाई जाएगी। खबर में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ईरानी सुप्रीम लीडर के बीच सीधे नहीं, लेकिन मध्यस्थ देशों के जरिए बातचीत आगे बढ़ रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के साथ लगातार संपर्क में है। फॉक्स न्यूज से बातचीत में रूबियो ने आसिम मुनीर की तेहरान यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ह्लमेरी जानकारी के मुताबिक उन्हें कल रवाना होना था, लेकिन संभव है कि वह आज ही बहुत जल्द वहां पहुंच जाएं। रूबियो ने आगे कहा, ह्लहम उनके साथ लगातार संपर्क में हैं और हमारी सरकार के सबसे सीनियर अधिकारी लगातार उनसे बात कर रहे हैं।

## अमेरिकी विदेश मंत्री 4 दिन के भारत दौरे पर पहुंचे

### प्रधानमंत्री मोदी और जयशंकर से मिलेंगे, क्वाड समिट भी शामिल होंगे



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो आज चार दिन के भारत दौरे पर पहुंच गए हैं। वे सुबह कोलकाता पहुंचे। यह उनका पहला भारत दौरा है। उनके इस दौरे को भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। कोलकाता में अपने कार्यक्रम के दौरान मार्को रुबियो मिशनरीज ऑफ चैरिटी की संस्थापक मदर टेरेसा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा उनके विक्टोरिया मेमोरियल का दौरा करने की भी संभावना है।

इसके बाद मार्को रुबियो नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां वह पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। मार्को रुबियो नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की तरफ से आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी हिस्सा लेंगे। सोमवार को वे आगरा और जयपुर का दौरा करेंगे। इसके बाद मंगलवार को नई दिल्ली में होने वाली क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे।

### क्वाड में भारत-जापान-अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया शामिल

क्वाड ग्रुप में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इस बार की बैठक की मेजबानी भारत कर रहा है। इस बैठक में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी भी शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में ओपन और फ्री इंडो-पैसिफिक रीजन को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। साथ ही डिफेंस सहयोग, सप्लाई चेन, नई तकनीक और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए क्वाड देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। मार्को रुबियो के दौरे में ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा रहने वाला है। भारत फिलहाल रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता कच्चा तेल खरीद रहा है। वहीं अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी तेल और गैस का इंपोर्ट भी बढ़ाए। मिडिल ईस्ट में लगातार जारी तनाव के कारण दुनिया भर में एनर्जी सप्लाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में भारत अपने लिए कई देशों से एनर्जी सप्लाई तय करना चाहता है




## होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया।

# ट्रम्प सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा:18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी। ऑफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है।



गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस ऑफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही।

### गबार्ड बोलीं- पति सबसे मजबूत सहारा, साथ नहीं छोड़ूंगी

गबार्ड ने कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा, पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा, उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने ऑफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

### डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ ट्रम्प की पार्टी में शामिल हुईं

गबार्ड एक दशक पहले लेफ्टिनेंट कर्नल के तौर पर इराक युद्ध में लड़ चुकी हैं और अमेरिकी आर्मी रिजर्विस्ट रही हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी।

गबार्ड का कहना था कि डेमोक्रेटिक पार्टी कुछ एलीट लोगों के कंट्रोल में आ चुकी है। ये जंग की बातें करते हैं। श्वेत लोगों का विरोध करते हैं और नस्लभेदी ग्रुप में तब्दील हो रहे हैं। उन्होंने इस्लामी चरमपंथ को न रोक पाने के लिए डेमोक्रेटिक सरकार की आलोचना की थी। गबार्ड 2016 के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं। बाद में उन्होंने हिलेरी क्लिंटन की जगह बर्नी सेंडर्स का समर्थन किया था। वह 2020 में भी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी की दौड़ में शामिल रहीं। बाद में उन्होंने बाइडेन का साथ दिया। 2022 में पार्टी छोड़ने के बाद गबार्ड ने फॉक्स न्यूज को ज्वाइन कर लिया था। वह वहां कई शो में को-होस्ट के तौर पर नजर आईं। गबार्ड ने 2022 के चुनाव में कई रिपब्लिकन उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | दि | शा | ओं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | घ | र | ला | सें |
| ती | कु | दा | रा | धा | य | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | शै | ग | बी | र |
| शै | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | आ | प | म | र्ब | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | य |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| बो | ड़ | सा | ठ | बा | ध | व | हा | दु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मां ने घबराकर बेटे को फोन लगाया और कहा - बेटा जल्दी से घर आजा, बहू को पैरालिसिस का अटैक आया है। उसका मुंह टेढ़ा, आंखे ऊपर और गर्दन घूमी हुई है। बेटा बोला - रहने दे मां, तू घबरा मत..वो सेल्फी ले रही है।

00000000

पति - पत्नी को मूवी देखने जाना था।
घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति (चिल्लाते हुए) - अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी - चिल्ला क्यों रहे हो? एक घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता।

00000000

पत्नी - अगर मैं तुम्हें छोड़कर चली गई, तो तुम क्या करोगे?
पति - मैं तो पागल हो जाऊंगा।
पत्नी - मतलब दूसरी शादी तो नहीं करोगे?
पति - पागल कुछ भी कर सकता है।

000000000

पत्नी - तुम मुझे दो ऐसी बातें बोलो, जिनमें से एक को सुनकर मैं खुश हो जाऊं और दूसरी को सुनकर नाराज हो जाऊं।
पति - तुम मेरी जिंदगी हो और दूसरी बात लानत है ऐसी जिंदगी पर।

00000000

हेलो भैया, मुझे इनकम सर्टिफिकेट बनवाना है।
चपरासी - बाबू से जाकर मिल लो।
लड़की ने तुरंत अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोन लगाया और बोली -
बाबू तुमने बताया नहीं तुम इनकम सर्टिफिकेट भी बना लेते हो।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

# होर्मुज बंद होने के बाद भारतीय कंपनियों ने खरीद बढ़ाई



**होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है।**

**अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी। उसी के बाद अप्रैल से भारत में फिर से वेनेजुएला का तेल आना शुरू हुआ।**

## दुनिया के इन 10 देशों के पास है सबसे ज्यादा कच्चा तेल

| | |
|---|---|
| 30,380 | वेनेजुएला |
| 25,860 | सऊदी अरब |
| 20,860 | ईरान |
| 14,501 | इराक |
| 10,150 | कुवैत |
| 9,780 | यूएई |
| 8,000 | रूस |
| 5,263 | अमेरिका |
| 4,836 | लीबिया |
| 3,689 | नाइजीरिया |

(तेल करोड़ बैरल में, 1 बैरल= 42 गैलन=159 लीटर)

# 9 महीने बाद भारत ने तेल खरीदना शुरू किया

केप्लर के मुताबिक, मई में अब तक भारत ने वेनेजुएला से करीब 4.17 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा है। अप्रैल में यह आंकड़ा 2.83 लाख बैरल प्रतिदिन था, जबकि उससे पहले लगातार 9 महीने तक भारत ने वेनेजुएला से कोई तेल नहीं खरीदा था।

इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह दो हैं। पहली- मिडिल ईस्ट में युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सप्लाई प्रभावित हुई है। दूसरी- वेनेजुएला का भारी और हाई-सल्फर वाला कच्चा तेल सस्ता पड़ रहा है। रिलायंस जैसी भारतीय रिफाइनरियां इसे प्रोसेस करने में सक्षम हैं, इसलिए उन्होंने खरीद बढ़ा दी।

केप्लर के एनालिस्ट निखिल दुबे के मुताबिक भारतीय रिफाइनर लंबे समय से वेनेजुएला के तेल में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं, क्योंकि यह सस्ता है और भारत के रिफाइनिंग सिस्टम के अनुकूल है। खास तौर पर गुजरात में रिलायंस की रिफाइनरी भारी तेल के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। उनके मुताबिक भारत की ज्यादातर रिफाइनरियां वेनेजुएलाई तेल सीमित मात्रा में ही प्रोसेस कर सकती हैं, लेकिन रिलायंस के पास ऐसी तकनीक है, जिससे उसे सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है।



**भारत ने रूस से तेल खरीद बढ़ाई**

भारत ने ईरान युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल पर अपनी निर्भरता और बढ़ा दी है। इसकी बड़ी वजह पश्चिम एशिया से आने वाली सप्लाई में भारी गिरावट है। मार्च में भारत को मिडिल ईस्ट से मिलने वाला कच्चा तेल फरवरी के मुकाबले 61% गिरकर 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। वहीं इसी दौरान रूस से सप्लाई लगभग दोगुनी होकर करीब 23 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंच गई। भारतीय रिफाइनरियों ने ईरान और खाड़ी देशों से कम हुई सप्लाई की भरपाई रूसी तेल से की।

## रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर

- रूस- 23 लाख बैरल प्रति दिन
- UAE- 4.40 लाख बैरल प्रतिदिन
- वेनेजुएला- 4.17 लाख बैरल प्रतिदिन
- सऊदी- 3.40 लाख बैरल प्रतिदिन
- अमेरिका- 3.10 लाख बैरल प्रतिदिन

सोर्स- केप्लर डेटा

# सऊदी अरब ने तेल की कीमत बढ़ाई

**भारत का कुल कच्चा तेल आयात मई में बढ़कर 49 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है, जो अप्रैल से 8% ज्यादा है। लेकिन यह अभी भी फरवरी के 52 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर से नीचे है।**

फरवरी के बाद ईरान युद्ध और होर्मुज संकट ने पश्चिम एशिया से तेल सप्लाई को प्रभावित किया। ईरान से भारत को अप्रैल में 7 साल बाद फिर तेल मिला था, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील दी गई थी। लेकिन मई में अब तक ईरानी तेल नहीं पहुंचा है। रिपोट्र्स के मुताबिक अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की वजह से ईरान के बंदरगाहों से सप्लाई रुक गई। इराक से कुछ सप्लाई दोबारा शुरू हुई है, लेकिन वह भी फरवरी के मुकाबले बहुत कम है। मई में अब तक भारत को इराक से सिर्फ करीब 51 हजार बैरल प्रतिदिन तेल मिला, जबकि फरवरी में यह करीब 9.69 लाख बैरल प्रतिदिन था।



सऊदी अरब की सप्लाई में भी भारी गिरावट आई है। अप्रैल में भारत को सऊदी अरब से 6.7 लाख बैरल प्रतिदिन तेल मिला था, जो मई में घटकर करीब 3.4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। केप्लर के मुताबिक इसकी वजह सऊदी तेल की बढ़ी कीमतें हैं, यानी भारतीय कंपनियों को वेनेजुएला का तेल ज्यादा सस्ता पड़ रहा है।

■ वर्ष-12 अंक-199 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 23 मई, 2026

### सुभाषितानि

**रूपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवाः।**
**विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः।।**

**भावार्थ** : रूप में धनी, यौवन, और भले ही एक विशाल परिवार में पैदा हुए हों, लेकिन जो शिक्षाहीन हैं, वे बिना सुगंध के कसौदा के फूल की तरह सुशोभित नहीं होते हैं।

**विद्या रूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम्।**
**कोकिलानां स्वरो रूपं स्त्रीणां रूपं पतिव्रतम्।।**

**भावार्थ** : कुरूप का रूप है, तपस्वी का विधायक, कोकिला का रूप, विद्रोह का विधायक।

## सम्पादकीयम्

## नीट पेपर लीक

एनटीए अधीन्ता : छात्राः कियत्कालं यावत् अन्यायस्य सामनां करिष्यन्ति? अन्ततः प्रणाली कुत्र विफलं भवति? २०१७ तमे वर्षे राष्ट्रियपरीक्षणसंस्था (एनटीए) स्थापिता, तथापि तदा आरभ्य विवादेषु उलझिता अस्ति। नीट्-यूजी परीक्षायाः रद्दीकरणेन तस्याः परिचालन-अखण्डतायां गम्भीराः संशयाः उत्पद्यन्ते। कागदस्य लीक, तकनीकी त्रुटिः, प्रशासनिकदुर्प्रबन्धनं, अनुग्रहचिह्नस्य आवंटनं च विषये विवादाः पुनरावर्तनीयाः विषयाः अभवन्। अधुना सर्वकारेण अन्वेषणं सीबीआइ-सङ्घस्य हस्ते समर्पितं अस्ति। एनटीए-सम्बद्धानां अनुभवानां एषः नकारात्मकः प्रतिमानः निरन्तरघटना इति दृश्यते। राष्ट्रियपरीक्षणसंस्थायाः (एनटीए) प्रायः तावन्तः विवादाः सञ्चिताः इव दृश्यन्ते यथा वषार्णां अस्तित्वं वर्तते। २०१७ तमे वर्षे स्थापितायाः एजन्सी इत्यस्य स्थापना देशस्य प्रमुखप्रवेशपरीक्षाणां पारदर्शकरूपेण संगठितरूपेण च कर्तुं विशिष्टेन उद्देश्येन कृता आसीत्। परन्तु एजन्सी बहुवारं एतत् जनादेशं पूरयितुं असफलतां प्राप्तवती अस्ति। नीट-यूजी परीक्षायाः हाले एव रद्दीकरणं-चिकित्सासंस्थासु प्रवेशार्थं आयोजिता-एनटीए-सङ्घस्य परिचालनप्रभावशीलतायाः विषये अपरं महत्त्वपूर्णं प्रश्नं उत्पद्यते। विवादस्य इतिहासः कागदस्य लीकविषये आशङ्कायाः मध्यं एषा प्रवेशपरीक्षा रद्दी कर्तव्या आसीत्। ततः परं सर्वकारेण अन्वेषणं सीबीआइ-संस्थायाः हस्ते न्यस्तम् अस्ति। यदा मे ३ दिनाङ्के परीक्षा अभवत् तदा आरभ्य अफवाः प्रचलितुं आरब्धाः-प्रारम्भे।

### कमल हासनस्य चलच्चित्र-उद्योगाय प्रमुखः उपदेशः

# अतिशयोक्तिं निवारयन्तुः भारते शूटिंग् कुर्वन्तु, विदेशे न



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तमिलनाडु

भारतीयचलच्चित्रक्षेत्रस्य दिग्गजनटः राजनेता च कमलहासनः देशस्य चलच्चित्रक्षेत्रस्य विषये महत्त्वपूर्णं वक्तव्यं प्रकाशितवान्। प्रकाशितेन मुक्तपत्रेण कमलहासनः भारतीयचलच्चित्रभ्रातृसङ्घं प्रति आह्वानं कृतवान् यत् परिवर्तनशीलवैश्विकपरिस्थितेः, वर्धमानानाम् आर्थिकचुनौत्यस्य च आलोके, चलच्चित्रनिर्माणस्य व्यावहारिकं, स्थायित्वं, उत्तरदायी च दृष्टिकोणं स्वीकुर्वन्तु। सः प्रतिपादितवान् यत्, वर्तमानवातावरणे चलच्चित्र-उद्योगेन अनावश्यकव्ययस्य न्यूनीकरणस्य आवश्यकता वर्तते, अधिक-अनुशासित-कुशल-सञ्चालन-पद्धतिं च आलिंगयितुं आवश्यकता वर्तते कमल हासनस्य पत्रं तस्मिन् समये आगतं यदा मध्यपूर्वे वर्धमानस्य तनावस्य वैश्विक-आर्थिक-दबावानां च चिन्ता वर्धते।

कमल हासनः स्वपत्रे उल्लेखितवान् यत् मध्यपूर्वे प्रचलति संकटः निरन्तरं गभीरः भवति, येन विश्वस्य अर्थव्यवस्थासु प्रभावः भवति। सः अवदत् यत् ऊर्जा, व्यापारः, परिवहनं, उत्पादनं च सम्बद्धाः व्ययः निरन्तरं वर्धन्ते-एषा प्रवृत्तिः यस्मात् भारतं अमुक्तं नास्ति। तस्य मते ईंधनस्य, ऊजार्याः, रसदस्य, निर्माणस्य च वर्धमानः व्ययः अधुना भारतीयचलच्चित्रक्षेत्रे अपि स्वप्रभावं स्पष्टतया प्रकटयितुं आरब्धः अस्ति सः अवलोकितवान् यत् चलच्चित्रनिर्माणस्य बजटं पूर्वमेव निरन्तरं ऊर्ध्वगामिनीयाम् अस्ति, यदा तु विपण्यपुनरुत्थानम् अद्यापि पूर्णतया स्थिरं न जातम्।

कमल हासनः चेतवति स्म यत् वर्धमानः महङ्गानि केवलं चलच्चित्रनिर्माणक्षेत्रे एव सीमिताः न तिष्ठन्ति; अपितु प्रेक्षकाणां मनोरञ्जने व्ययक्षमताम् अपि आघातं करिष्यति स्म। सः अवदत् यत् यदि आर्थिकदबावः तीव्रः भवति तर्हि भारः सिनेमाभवनेषु, वितरकेषु, निमार्तृषु, तकनीकिषु, सम्पूर्णे चलच्चित्र-उद्योगे च पतति इति। सः निर्विवादरूपेण प्रतिपादितवान् यत् यदि सिनेमा प्रगतिम् इच्छति तर्हि प्रत्येकस्य व्ययस्य पृष्ठतः एकमात्रं उद्देश्यं चलच्चित्रस्य एव गुणवत्तां वर्धयितुं भवितुमर्हति-न केवलं भव्यतां वा आडम्बरं वा प्रदर्शयितुं। कमल हासनः स्वपत्रे विशेषतया चलच्चित्रक्षेत्रे अतिशयस्य, आडम्बरस्य च वर्धमानसंस्कृतेः विषये प्रश्नं कृतवान्।

### यद्यपि इत्यस्य अभियांत्रिकी

## इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई प्रणाली, चिप् विश्लेषणं च इत्यत्र दृढक्षमता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तस्य मते निकटभविष्यत्काले भारतं केवलं शस्त्र-आयात-राष्ट्रत्वात् उन्नतसैन्यप्रौद्योगिक्याः निर्यातस्य वैश्विककेन्द्रं भवितुं शक्नोति। काल भैरव इत्यादयः मञ्चाः भारतस्य प्रौद्योगिकपराक्रमस्य आत्मनिर्भरतायाः च प्रतीकरूपेण तिष्ठन्ति इति सः बोधयति स्म। इदानीं इत्यस्य मुख्यकार्यकारी मिगेल् अब्रुए इत्यनेन टिप्पणी कृता यत एषा साझेदारी उभयोः कम्पनीयोः तकनीकीविशेषज्ञतां एकत्र आनयिष्यति। सः अवदत् यत् यद्यपि इत्यस्य अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई प्रणाली, चिप् विश्लेषणं च इत्यत्र दृढक्षमता अस्ति तथापि तस्य स्वकीया कम्पनी अनुकरणं, अन्तरसञ्चालनक्षमता, सैन्यसमायोजनं च इति विषये विशेषज्ञतां प्राप्नोति तस्य मते विश्वस्तरीययुद्धप्रौद्योगिक्याः विकासाय द्वयोः कम्पनीयोः। सहकार्यं भविष्यति।

सः अपि व्याख्यातवान् यत् द्वयोः कम्पनयोः संयुक्तरूपेण विमानस्य संरचनात्मकनिमार्णं, फर्मवेयरविकासः, संचारप्रणाली, नियन्त्रणतन्त्रं, सुरक्षासत्यापनं च इत्यादीनां अनेकाः महत्त्वपूर्णाः प्रक्रियाः करिष्यन्ति एताः सर्वाः प्रक्रियाः कठोर-तकनीकी-सुरक्षा-मानकानां सख्त-पालनेन विकसिताः भविष्यन्ति। रक्षाविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एषा साझेदारी भारतस्य मेक इन इण्डिया तथा आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत) इति उपक्रमेभ्यः नूतनं गतिं दातुं शक्नोति। अन्तिमेषु वर्षेषु भारतेन रक्षा-उत्पादन-निर्यात-क्षेत्रेषु द्रुतगतिना प्रगतिः कृता अस्ति। भारतीयकम्पनयः ड्रोन्, मिसाइल, तोप, इलेक्ट्रॉनिकयुद्धप्रणाली च इति क्षेत्रेषु निरन्तरं नवीनतां कुर्वन्ति। काल भैरव इत्यस्य यूरोपीयविपण्ये प्रवेशः भारतस्य रक्षाप्रौद्योगिक्याः।

## मन्त्री अपि अवलोकितवान् यत तस्य पुत्रः मन्यते यत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

स्ववक्तव्ये सः टिप्पणीं कृतवान् यत् मया पूर्वं उक्तं यत् कोऽपि नियमात् उपरि नास्ति। मया मम पुत्रः साई भगीरथः तस्य कानूनीपरामर्शदातृद्वारा अन्वेषणार्थं पुलिसाय समर्पितः। मन्त्री अपि अवलोकितवान् यत् तस्य पुत्रः मन्यते यत् सः कोऽपि दुष्कृतं न कृतवान्। सूत्रानुसारं शिकायतया पञ्जीकरणानन्तरं परिवारः प्रारम्भे प्रत्यक्षतया पुलिसस्य समक्षं उपस्थितः भवितुम् विचारितवान्; तथापि तदनन्तरं ते कानूनीपरामर्शं प्राप्तवन्तः। उपलब्धसाक्ष्यस्य आधारेण तेषां वकिलाः आशावादं प्रकटितवन्तः यत् प्रकरणे जमानतस्य प्राप्तिः सरलप्रक्रिया भविष्यति इति। परन्तु मन्त्री इत्यनेन उक्तं यत् सः अधिकं विलम्बं कर्तुं न उचितं मन्यते, ततः पुत्रं अन्वेषणे सम्मिलितुं प्रेषितवान्। ततः पूर्वं उच्चन्यायालयस्य अवकाशपीठस्य न्यायाधीशः न्यायाधीशः टी. माधवी देवी यावत् यावत् चलितस्य सुनवायीयाः अनन्तरं अभियुक्तेभ्यः।

### राशिफल

**मेष** : शाम को दोस्तों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। व्यापारिक स्थिति लाभकारी रहेगी। अपनों का साथ मिलेगा।

**वृषभ** : रिश्तों में तालमेल बढ़ेगा और मजबूती आएगी। कार्यस्थल पर उच्चाधिकारी आपके काम से प्रभावित हो सकते हैं।

**मिथुन** : किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं। पुराने दोस्तों का घर पर आगमन होगा, जिससे मन प्रसन्न होगा।

**कर्क** : अपनी भावनाओं को जाहिर करते समय सतर्क रहें, वरना आपकी बातों का गलत अर्थ निकाला जा सकता है।

**सिंह** : आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे और आपसे सलाह मांग सकते हैं। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या** : मानसिक तनाव का शिकार हो सकते हैं, लेकिन शाम तक स्थिति सामान्य हो सकती है।

**तुला** :आपके विचारों और भावनाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** : आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। रिश्तों में दूरियों के संकेत हैं। भय और असुरक्षा का अनुभव कर सकते हैं।

**धनु** : आपके आसपास की स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। हालांकि आप अपनी समझदारी से स्थिति का हल निकाल लेंगे।

**मकर** : परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ भविष्य को लेकर चर्चा हो सकती है।

**कुंभ** : लव लाइफ में नयापन महसूस करेंगे। नौकरी पेशा करने वाले लोगों को कार्यस्थल पर अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

**मीन** : आपको धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ धन का लेनदेन करने से बचें, वरना नुकसान संभव है।

### ज्योतिष/वास्तु

# केतु गोचर से इन राशियों के करियर पर पड़ सकता है बुरा असर, बिजनेस में हो सकती है हानि

केतु ग्रह इस महीने मघा नक्षत्र के तीसरे पद में गोचर करने जा रहे हैं। केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए मुश्किलें, तनाव और आर्थिक परेशानियां बढ़ा सकता है। जानें किन 3 राशियों को सतर्क रहने की जरूरत है और क्या होगा इस गोचर का प्रभाव।

ज्योतिष शास्त्र में छाया ग्रह केतु को आध्यात्मिकता, मोक्ष, रहस्य और अचानक होने वाली घटनाओं का कारक माना जाता है। केतु की चाल और नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव सभी राशियों के जीवन पर देखने को मिलता है। अब 29 मई 2026, शुक्रवार को केतु मघा नक्षत्र के तृतीय पद में प्रवेश करने जा रहे हैं। यह गोचर सुबह 10 बजकर 16 मिनट पर होगा। केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है और जीवन में तनाव, भ्रम व आर्थिक परेशानियां बढ़ा सकता



है। केतु 30 जून 2026 तक मघा नक्षत्र के तीसरे चरण में रहेंगे, जिसके बाद वह दूसरे पद में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष के अनुसार केतु वक्री चाल चलते हैं, इसलिए इनके प्रभाव को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। मघा नक्षत्र के इस चरण का स्वामी बुध ग्रह है, जो बुद्धि, संवाद और व्यापार का कारक माना जाता है। ऐसे में केतु के इस गोचर का असर खासतौर पर सोचने-समझने की क्षमता, निर्णय लेने और कारोबार पर पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि केतु के इस गोचर से किन राशियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**मिथुन राशि–** केतु के इस गोचर के बाद मिथुन राशि वालों को कामकाज में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में बनते काम बिगड़ने की संभावना रहेगी, जिससे तनाव बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि निवेश से नुकसान होने के संकेत हैं। कारोबार से जुड़े बड़े फैसले फिलहाल सोच-समझकर ही लें।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के जातकों के लिए केतु का यह गोचर मानसिक दबाव और तनाव बढ़ा सकता है। करियर में मेहनत के बावजूद मनचाहे परिणाम मिलने में देरी हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर भी लापरवाही न करें। किसी अनजान व्यक्ति पर जल्दी भरोसा करना नुकसानदायक साबित हो सकता है, इसलिए सावधानी बरतें।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों को इस दौरान अपनी बातों और व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। व्यापार या पैसों से जुड़े मामलों में जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। आर्थिक परेशानियां बढ़ सकती हैं, इसलिए खर्चों पर नियंत्रण रखें। बेवजह तनाव लेने से बचें और हर फैसला धैर्य के साथ लें।

## खबर एक नजर...

### बाइक सवार युवकों के पास झोले में मिली अवैध शराब

**उज्जैन।** रात में सर्कल भ्रमण के दौरान भाटपचलाना थाना पुलिस ने ग्राम रूनिजा तिराहा पर बाइक क्रमांक एमपी 43 झेडए 8853 पर सवार 2 युवकों को रोका और उनके पास विमल के झोले की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर और बीयर की बोतले भरी हुई थी। शराब परिवहन संबंधित नहीं होने पर अवैध शराब का मामला सामने आते ही दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया और बाइक जप्त कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में युवकों के नाम लक्ष्मण पिता कालू निवासी सज्जनगढ़ बिलपांक रतलाम और भंवरसिंह पिता ढोलू निवासी अमरपुरा रावटी रतलाम सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एएसआई राजीव चौहान के अनुसार बाइक और बरामद शराब की कीमत 55 हजार से अधिक होना पाई गई है। दोनों को जमानत पर रिहा किया गया है। दस्तावेजों की कार्रवाई पूरी कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बागरी समाज के 2 परिवारों में प्लाट को लेकर हुआ विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया डाबी में ईश्वर पिता कनीराम बागरी और हटेसिंह पिता प्रभुलाल बागरी के बीच प्लाट को लेकर विवाद हो गया। दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। जिनके बीच लकड़ी-डंडों से मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला थाने पहुंचने पर ईश्वर बागरी ने आरोप लगाया कि उसके प्लाट पर आरोपी पक्ष कब्जा करना चाहता है। जिसके चलते मारपीट की गई है। वहीं हटेसिंह का आरोप था कि प्लाट पर सामान रखा होने पर रास्ता से निकले पर परेशानी होती है। ईश्वर से सामान हटाने के लिये कहा तो उसके परिवार द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### गाड़ी धीरे चलाने का बोला तो पत्थर से किया हमला

**उज्जैन।** आगररोड मोहननगर में रहने वाला तेजर्प्रकाश पिता रामप्रसाद सिसौदिया बाइक से हीरामिल मार्ग से गुजर रहा था। तभी तेजगति से आये बाइक चालक ने टक्कर मार दी। तेजप्रकाश की बाइक का संतुलन बिगड़ा और गिर गया। उसने टक्कर मारने वाले बाइक चालक से गाड़ी धीरे चलाने की बात कहीं तो उक्त बाइक चालक ने गाली-गलौच करते हुए पत्थर से हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। देवासगेट थाना पुलिस ने तेजप्रकाश की शिकायत पर मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शुरू की है।

### कार चालक ने मारी थी बाइक सवार को टक्कर

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के धुवाखेड़ी और नांदेड फंटे के बीच 6 मई को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार रोहित पिता भैरूलाल मालवीय निवासी ग्राम बरोठिया की मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद सामने आया था कि चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर रोहित का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की थी। इस दौरान पता चला कि चार पहिया वाहन टाटा टियागो कंपनी की कार थी। जिसको ट्रेस करने के बाद पुलिस ने मामले में 18 दिन बाद चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक सवार को टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज कर लिया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने भी इंदौररोड स्थित ग्राम रामवासा में 20 मई को दुर्घटना में राधेश्याम जाट 60 साल निवासी दंगवाड़ा इंगोरिया की मौत होने पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। सीसीटीवी कैमरों की मदद से उक्त कार का नम्बर ट्रेस किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 127-0 | 190-0 |
| मेन बाजार | 289-9 | - |
| मिलन डे | 377-7 | 389-0 |
| मिलन नाइट | 257-4 | 138-2 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 |

### जिंदा कारतूस के साथ मिला कट्टा, घटना की कराई गई तस्दीक

# गोलीकांड की साजिश रचने वाला बदमाश हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

फर्जी गोलीकांड की साजिश रचने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को पुलिस ने 40 दिन बाद हिरासत में ले लिया। उसके पास से जिंदा कारतूस और देशी कट्टा मिला है। शुक्रवार शाम ढांचा भवन में बदमाश से घटना की तस्दीक कराई गई। शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

चिमनगंज थाना एसआई आर.आर. चौहान ने बताया कि 11 अप्रैल को ढांचा भवन क्षेत्र में फर्जी गोली कांड की साजिश रचने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की पिछले 40 दिनों से तलाश की जा रही थी। जिसे सूचना मिलने पर पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास तेजाजी मंदिर से हिरासत में लिया गया है। बदमाश के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बदमाश के हिरासत में आने पर शुक्रवार देर शाम उसे ढांचा भवन ले जाया गया,



जहां घटनाक्रम की तस्दीक कराई गई। फिलहाल बदमाश से पूछताछ जारी है, जिसे शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा। बदमाश के खिलाफ ढाई दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। विदित हो कि 11 अप्रैल की रात चिमनगंज थाने घायल हालत में अतिक पिता विपिन माहूरकर पहुंचा था और बताया था कि उसे आला बाथम ने गोली मारी है। प्रथमदृष्टता मामला संदिग्ध होना सामने आया था। पुलिस ने उसे उपचार के लिये भर्ती कराया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर पूछताछ में मामला फर्जी होना पाया गया था। वहीं बदमाश रौनक गुर्जर के कारखाने में खून फैला मिला था। पुलिस ने अतिक माहूरकर को गिरफ्तार कर साथी राहुल चौहान को पकड़ा था। जिसने फर्जी गोलीकांड की साजिश में शामिल होकर अतिक के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान फर्जी घटनास्थल पर खून फैलाया था। जिसके बाद पता चला था कि फर्जी गोलीकांड की साजिश रौनक गुर्जर ने रची थी।

#### अनमोल गुर्जर ने भी चलाई थी गोली

ढांचा भवन में हुई फर्जी गोलीकांड की घटना के बाद 13-14 अप्रैल की रात देवासगेट थाना क्षेत्र के हीरामिल की चाल में ब्रिज के नीचे लव पिता चंद्रकांत निर्मल निवासी विष्णुपुरा को गोली मारी गई थी। उक्त गोलीकांड में पुलिस ने कुछ घंटों बाद अनमोल गुर्जर से साथ मिलकर गोली चलाने वाले जय उर्फ बच्चा को गिरफ्तार कर लिया था। अनमोल गुर्जर घटना के बाद से फरार है। जिसकी देवासगेट थाना पुलिस को तलाश है। गुर्जर गैंग फिर से शहर में दहशत का पर्याय बन रही है। पूर्व में गैंग का आतंक था, जिस पर पुलिस ने अंकुश लगाया था, लेकिन फिर से गुर्जर गैंग के बदमाश सक्रिय हो रहे है।

# कानीपुरा मार्ग से गिरफ्त में आया बाइक चोर, साथी की तलाश जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

गरोठ ब्रिज से बाइक चोरी कर भागे 2 बदमाशों में से एक को शुक्रवार शाम कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे बाइक बरामद की गई है। पूछताछ कर उसके दूसरे साथी का पता लगाया जा रहा है।

चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि 23 मार्च को पंवासा क्षेत्र का रहने वाला अजय पिता रमेशचंद्र मालवीय गरोठ ब्रिज से पंवासा की ओर आ रहा था। तभी लघुशंका के लिये रूका, उसने बाइक ब्रिज पर खड़ी की और चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी होने की शिकायत अजय ने थाने आकर दर्ज कराई। पुलिस बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार शाम सूचना मिली कि गरोठ ब्रिज से चोरी हुई बाइक के साथ एक युवक कानीपुरा मार्ग पर खड़ा है। तत्काल बाइक के साथ आये युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई और उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में



उसने साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी का नाम राकेश पिता प्रहलाल भाटी जाति मोंगिया निवसी ग्राम नांदेड सामने आया है। जिससे पूछताछ कर उसके साथी की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्त में आये आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी के कई मामले दर्ज है। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जा सकता है।

# रेड सेंड बोआ सर्प की तस्करी करते पांच आरोपी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पुलिस के सहयोग से वन विभाग की वन्यजीव शाखा ने रेड सेंड बोआ सर्प की तस्करी करते पांचा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 3 किलो वजनी मादा सर्प बरामद की किया है। पकडे गए आरोपियों का स्वास्थ्य परिक्षण करवाकर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार क्राईम ब्रांच ने सूचना के आधार पर कृषक मुकेश पिता भेरूलाल एवं उसके चार साथी सलमान पिता अय्यूब खान, हफीज पिता गुलाब, अजहर पिता अबरार और गुलरेज पिता बाबू सभी निवासी कोकलाखेडी उज्जैन को रेड सेंड बोआ सर्प के साथ नीलगंगा थाना क्षेत्र से पकडा था। मामला वन्यजीव से संबंधित होने पर वन विभाग को सौंपा गया था। एसडीओ



वन सोलंकी के अनुसार सभी आरोपी मिलकर रेड सेंड बोआ (आम बोल चाल में दो मुंहा चकलोन सर्प) को बेचने की तैयारी कर रहे थे। इसमें कोकलाखेडी निवासी मुकेश सर्प को अपने खेत से पकडकर लाया था। शेष आरोपी 20-20 हजार की कमीशन के लिए काम कर रहे थे। ग्राहक तलाशी के दौरान ही सभी आरोपी सर्प के साथ पकडे गए। वन विभाग ने आरोपियों के विरूद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9,39, 40, 41 में शिकार, शासकीय संपत्ति के नुकसान, स्वामित्व प्रमाण पत्र का अभाव, अवैध परिवहन की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियो का स्वास्थ्य परिक्षण करवाकर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया था जहां से सभी आरोपियों को 5 जून तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। सर्प को भी न्यायालय में पेश किया गया था। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत सर्प को न्यायालय की अनुमति पर जंगल में छोडा जाएगा।

### लोकसेवकों सहित 6 पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया केस

# पिता का नाम बदलकर मृतक की जमीन का बना वारिस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अकेले रहने वाले वृद्ध की मौत के बाद गांव के व्यक्ति ने अपने पिता का नाम बदला और मृतक वृद्ध का नाम जोड़कर उसकी 2 हेक्टयर जमीन का वारिस बन गया। फर्जी वारिस बनने में आरोपी का सहयोग सरपंच, सचिव, पटवारी और तत्कालीन तहसीदार ने किया। मामला सामने आने पर ईओडब्ल्यू ने मामले में 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

मामला नीमच के ग्राम बैसला का होना सामने आया है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी अनुसार ग्राम में रहने वाला वृद्ध केदार मीणा अकेला रहता



था। जिसके स्वामित्व की 2 हेक्टेयर भूमि थी। वृद्ध की मौत के बाद गांव के रहने वाले भगवान पिता भैरूलाल मीणा ने अपने पिता का नाम बदला और मृतक वृद्ध का नाम जोड़ उसकी जमीन का वारिस बन गया। मामला उजागर हुआ और शिकायत भोपाल पहुंची तो जांच ईओडब्ल्यू उज्जैन ईकाई को सौंपी गई। जिसमें सामने आया कि भैरूलाल मीणा की फर्जी वसीयत बनाने में तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत बैसला प्रेमलता अमर रावत, तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत बैसला आनंद सक्सेना से स्वयं के लिए केदार का वैध वारिस और पुत्र होने संबंधी असत्य वारिसान प्रमाण पत्र बनवा कर जारी करवाया। उक्त भूमि का फौती नामान्तरण अपने पक्ष में कराने के लिए न्यायालय तहसीलदार रामपुरा में आवेदन प्रस्तुत किया। उसके बाद तत्कालीन पटवारी बैसला अनुराग पाटीदार से स्वयं के लिए केदार का वैध वारिस और पुत्र होने संबंधी असत्य वंशावली, पंचनामा एवं प्रतिवेदन तैयार करवाकर प्रकरण में प्रस्तुत करवाया। तत्कालीन तहसीलदार रामपुरा बालकृष्ण मकवाना ने मृतक केदार के वैध वारिसान के संबंध में जांच किए बगैर असत्य एवं कूटरचित प्रमाण पत्र, पंचनामा, वंशावली एवं प्रतिवेदन को आधार बनाकर अनावेदक भगवान के पक्ष में फौती नामान्तरण आदेश पारित कर दिया। जिसके चलते वैध वारिसों के साथ धोखाधड़ी की गई है। जांच में आये तथ्यों के आधार पर ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को मामले में सभी को आरोपी बनाते हुए भारतीय दण्ड संहिता की 420, 467, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचारनिवारण अधिनियम 1988 भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधि. 2018 की धाराओं 7 (ग) और 12 में अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com